उज्जैन
शनिवार
02
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-178
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



मिथुन चक्रवर्ती की बहू का कास्टिंग काउच पर खुलासा डायरेक्टर ने सामने बिकनी पहनने की डिमांड की मदालसा बोलीं- मैं उस व्यक्त 19 साल की थी

पेज- 8

# पश्चिम बंगाल के 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग जारी...

## डायमंड हार्बर में ईवीएम में खराबी का दावा, वोटर्स बोले- आधे घंटे से इंतजार कर रहे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में डायमंड हार्बर के 4 और मगरहाट पश्चिम के 11 बूथों पर शनिवार सुबह 7 बजे से दोबारा मतदान जारी है। वोटिंग शाम 6 बजे तक होगी।

डायमंड हार्बर के रॉयनगर प्राइमरी स्कूल में बूथ नंबर 243 पर एक वोटर ने शिकायत में कहा- यहां पर ईवीएम खराब है, हम आधे घंटे से ज्यादा समय से वोट डालने का इंतजार कर रहे हैं।




दरअसल, 29 अप्रैल को इन बूथों पर दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ और झड़प की शिकायत मिली थी। इसके चलते दोबारा वोटिंग का फैसला लिया गया। ये सभी बूथ दक्षिण 24 परगना जिले में आते हैं।

राज्य की सभी 294 सीटों पर रिकॉर्ड 92.84% वोटिंग हुई। 23 अप्रैल को फर्स्ट फेज की 152 सीटों पर 93.19% मतदान हुआ था। 29 अप्रैल को सेकेंड फेज की 142 सीटों पर 92.48% वोट पड़े। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

## सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों से दोगुनी होगी रफ्तार, कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस होगा।



इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है।

# पागलों के हाथ में एटम बम नहीं दे सकते: ट्रम्प

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

**जंग रोकने का ईरानी ऑफर फिर ठुकराया, इसमें परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं था**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।

ट्रम्प ने फ्लोरिडा में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा- अगर हम ऐसा नहीं करते, तो उनके पास परमाणु हथियार होता और इजराइल, मिडिल ईस्ट और यूरोप तबाह हो जाते। हम ऐसे पागलों के हाथ में परमाणु हथियार नहीं जाने दे सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने मिडिल ईस्ट को एक परमाणु खतरे से बचा लिया है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जंग रोकने के लिए ईरान का ऑफर फिर से ठुकरा दिया है। इससे पहले ईरान 26 और 27 अप्रैल को भी अपना प्रस्ताव भेज चुका है जिसे वे ठुकरा चुके हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक ईरान ने अपने नए प्रस्ताव में परमाणु मुद्दे का जिक्र नहीं किया है, इससे ट्रम्प नाखुश हैं। वहीं ईरान का कहना है कि होर्मुज को तुरंत खोलना चाहिए, परमाणु मुद्दे पर बात में बातचीत होगी। जबकि ट्रम्प चाहते हैं कि दोनों चीजें एकसाथ हों।

# चंबल में फिल्मी स्टाइल में 67 भैंसों की बड़ी लूट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना**

चंबल अंचल से एक ऐसी सनसनीखेज वारदात सामने आई है जिसने पूरे इलाके में पुराने दौर के डकैतों और मवेशी लुटेरों के खौफ को एक बार फिर जिंदा कर दिया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात करीब एक दर्जन नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में धावा बोलते हुए चरवाहों को बंधक बनाया और उनकी 67 भैंसें लूटकर फरार हो गए। लूटी गई इन भैंसों की कुल कीमत करीब 60 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना मुरैना के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत जतावर-सिकरौदा गांव की पुलिया के पास स्थित नगर के पुरा इलाके की है जहाँ पहाड़गढ़ से आए किसान अपने मवेशियों के साथ डेरा डाले हुए थे।

# एमपी-यूपी और बिहार समेत 9 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## कश्मीर में लैंडस्लाइड के बाद डोडा-किश्तवाड़ रोड बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ शिमला/भोपाल**

भीषण गर्मी झेल चुके देश के बड़े हिस्से में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश से राहत मिलेगी। देश के 9 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। इससे तापमान में 3-5 डिग्री तक की गिरावट होगी।

कश्मीर की चिनाब घाटी में लैंडस्लाइड के कारण डोडा-किश्तवाड़ रोड पूरी तरह बंद हो गई है। सड़क पर मलबा आने की वजह से 100 से ज्यादा गाड़ियां जाम में फंस गई हैं। मलबे को हटाने के लिए मशीनें और कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री के साथ राज्य का सबसे गर्म शहर है, जबकि हरदोई में न्यूनतम तापमान सबसे कम 17 डिग्री रहा।

मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के दौर के बीच आंधी-बारिश होने के साथ ओले भी गिर रहे हैं। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर समेत 21 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है। पिछले दो दिन में प्रदेश के 35 जिलों में बारिश, ओले या फिर आंधी चल चुकी है। बिहार में भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। कैमूर में शुक्रवार को बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई।

## मनमानी कीमत वसूली रोकने के लिए आबकारी विभाग ने शुरू की नई व्यवस्था लागू

# जिले में अब दुकानों पर क्यूआर कोड होगा अनिवार्य

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

धार्मिक शहर उज्जैन में भले ही शराब की बिक्री पर प्रतिबंध हो और इसके चलते दुकानें नहीं है लेकिन जिले के अन्य इलाकों में संचालित होने वाली शराब की दुकानों पर अब क्यूआर कोड अनिवार्य रहेगा। पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी यह व्यवस्था लागू हो रही है।

शराब की दुकानों पर मनमानी कीमत वसूली रोकने के लिए आबकारी विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। अब प्रदेश की सभी शराब दुकानों पर ई-आबकारी पोर्टल से जनरेट किया गया क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा। इसे स्कैन करते ही ग्राहकों के मोबाइल पर संबंधित जिले की शराब की अधिकृत रेट लिस्ट खुल जाएगी।



आबकारी विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दुकानों पर शराब एमआरपी से ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है, जबकि कुछ जगह न्यूनतम निर्धारित मूल्य (एमएसपी) से कम दर पर बिक्री की जा रही थी। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है।

### खुद ही शराब की सही कीमत की जांच कर सकेंगे

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने कहा कि इस व्यवस्था से उपभोक्ता खुद मौके पर ही शराब की सही कीमत की जांच कर सकेंगे। यदि कोई दुकान संचालक तय दर से अधिक या कम कीमत पर शराब बेचता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्त करना भी शामिल है। विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक दुकान पर पांच क्यूआर कोड लगाए जाएं। इनमें से कुछ प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, ताकि ग्राहक आसानी से स्कैन कर सकें। अतिरिक्त क्यूआर कोड सुरक्षित रखे जाएंगे, ताकि खराब होने पर उन्हें बदला जा सके। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए 28 अप्रैल से 7 मई तक प्रदेशभर में 10 दिन का विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों से इसकी रिपोर्ट 11 मई तक मांगी गई है।

वर्तमान में प्रदेश भर में कुल 3553 शराब दुकानें संचालित हैं, जहां अक्सर ग्राहकों से एमआरपी एमआरपी से ज्यादा वसूली वसूली की शिकायतें आती रहती हैं। दुकानों पर सेल्समैन और ग्राहकों के बीच होने वाले विवादों को खत्म करने के लिए ही ही हर दुकान पर क्यूआर कोड अनिवार्य किया गया है। मध्य प्रदेश से पहले उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में भी शराब की बोतलों और दुकानों पर क्यूआर कोड व बारकोड की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे न केवल असली-नकली शराब की पहचान हो जाती है। आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने कहा है कि यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को सशक्त बनाएगी, जिससे वे मौके पर ही अपने स्मार्टफोन से स्कैन कर ब्रांड की वास्तविक और कानूनी दरों का सत्यापन कर सकेंगे। इसके लिए ही तय किया है कि अब हर शराब दुकान पर ई-आबकारी पोर्टल द्वारा जनरेटेड क्यूआर कोड लगाना होगा। इसे स्कैन करते ही उपभोक्ता के मोबाइल पर संबंधित जिले की रेट लिस्ट खुल जाएगी। कोई दुकान संचालक यदि निर्धारित एमएसपी से कम या एमआरपी से ज्यादा पर बिक्री करता है, तो आबकारी नियमों के अंतर्गत उसके विरुद्ध लाइसेंस निरस्त करने जैसी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन की कार-ट्रकों पर 25% टैरिफ लगाया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अगले हफ्ते से यूरोपीय संघ से आने वाली कारों और ट्रकों पर टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा। ट्रम्प का कहना है कि यूरोपीय संघ पहले से तय व्यापार समझौते का पालन नहीं कर रहा है, इसलिए यह फैसला लिया गया है।



हालांकि अगर यूरोपीय कंपनियां अमेरिका में ही कार और ट्रक बनाएंगी, तो उन पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प के मुताबिक, इस समय अमेरिका में कई नई ऑटोमोबाइल और ट्रक फैक्ट्रियां बन रही हैं, जिनमें 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका में इस तरह का निवेश और विकास पहले कभी नहीं देखा गया।

## अमेरिका में तेज रफ्तार की वजह से प्लेन क्रैश, सवार सभी 5 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया, जिसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा विम्बरली नाम के शहर में हुआ। जानकारी के मुताबिक, सेसना 421उ विमान गुरुवार रात करीब 11:25 बजे क्रैश हो गया। अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि विमान काफी तेज रफ्तार में था, जिस वजह से हादसा हुआ। अभी तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए गए हैं, क्योंकि पहले उनके परिवार वालों को सूचना दी जाएगी। इस मामले की जांच फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड मिलकर करेंगे। बताया गया है कि उसी इलाके में उड़ रहा एक दूसरा विमान सुरक्षित तरीके से सैन एंटोनियो के पास लैंड कर गया।

## पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बिना बताए भारत न छोड़ें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी। मामला असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है।



पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ये आरोप लगाए थे। इसके बाद रिनिकी भुइयां सरमा ने पवन के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी इसके बाद 7 अप्रैल को असम पुलिस ने खेड़ा के दिल्ली स्थित घर पर रेड की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा- आरोप-प्रत्यारोप राजनीति से प्रभावित लगते हैं। लेकिन पवन खेड़ा को असम पुलिस की जांच में सहयोग करना होगा और वे बिना अदालत की अनुमति के भारत नहीं छोड़ सकते।

## 48 घंटे में दो पायलटों की हार्ट अटैक से मौत

**नई दिल्ली।** दो पायलट्स की हार्ट अटैक से मौत के बाद देश में कॉमर्शियल पायलट्स की थकान और उनके ड्यूटी के घंटों को लेकर विवाद बढ़ गया है। द एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को पत्र लिखकर फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को पूरी तरह सख्ती से लागू करने की मांग की है। एसोसिएशन ने बताया कि पायलट्स का कहना है कि एयरलाइंस को नियमों में बार-बार दी जा रही छूट सुरक्षा और क्रू की सेहत के साथ समझौता है। पायलट्स एसोसिएशन ने डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव और नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा को लिखे लेटर में बताया कि, बाली (इंडोनेशिया) में 29 अप्रैल को रेस्ट पीरियड के दौरान एअर इंडिया के एक पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## खबर एक नजर...

### सोलर प्लेट तोड़ने के विवाद में काका-भतीजे से मारपीट

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी में सुनील पिता बनेसिंह गुर्जर और उसके काका मेहरबानसिंह पिता भगवानसिंह गुर्जर के साथ गांव के रहने वाले विक्रम, नारायण, बाबू और बनेसिंह ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। सुनील के अनुसार उसके खेत से नर्मदा की पाइप लाइन गुजरी है। उन्होंने सौर ऊर्जा के लिये सोलर प्लेट लगा रखी है। मारपीट करने वाले पड़ोसियों ने सोलर प्लेट तोड़ दी थी। जिसका विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की। पड़ोसियों का कहना है कि सोलर प्लेट से उन्हे भी बिजली दी जाये। ताकि वह अपने खेत में नर्मदा की पाइप लाइन से मोटर चालू कर पानी ले सकें। फिलहाल पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू की है।

### कुत्ते को मारने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम रामसरा रहने वाले अजयसिंह पिता मदनसिंह राजपूत और लोकेन्द्र पिता नारायणसिंह राजपूत के बीच घर के सामने कुत्ते को मारने की बात पर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि मामला दोनों परिवार के बीच मारपीट में बदल गया। एक पक्ष से लोकेन्द्र, और गजराजसिंह घायल हो गया। दूसरी ओर से अजयसिंह, सुरेन्द्रसिंह और जुनैद घायल हुए है। मामले में राघवी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### बैंकर्स यूनाइटेड क्लब का एक दिवसीय टूर्नामेंट

**उज्जैन।** बैंकर्स यूनाइटेड क्लब की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया और पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। आयोजन की खास बात यह रही कि टूनार्मेंट को केवल खेल तक सीमित नहीं रखा गया। खिलाड़ियों ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए मूक पशु-पक्षियों के लिए घरों के बाहर पानी के पात्र रखने का संकल्प लिया, ताकि भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं को राहत मिल सके। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बताया गया। रोमांचक मैचों के बीच ऋषभ जैन की टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि दलजीत सलूजा की टीम उपविजेता रही।

### मंगलनाथ के शिवधाम में मंगल महोत्सव का समापन

**उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर के समीप शिव धाम स्थित चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहा मंगल महोत्सव शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति भी कराई गई। आयोजन मंगलनाथ के पुजारी मंहत अमर भारती के सानिध्य में हुआ, जिसमें रोज पूजन के साथ विश्वकल्याण की कामना से यज्ञ में आहुतियां दी गईं। भजन संध्या में सुधीर सांखला ने प्रस्तुति दी।

### 11 बजे तक ई-अटेंडेंस नहीं लगाने पर 6 पर कार्रवाई

**उज्जैन।** नगर निगम में समय पर ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कराने वाले कर्मचारियों पर सख्ती की है। सुबह 11 बजे तक उपस्थिति दर्ज नहीं कराने वाले 6 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार प्रभारी सहायक संपत्ति कर अधिकारी जोन-1 आदेश परिहार, प्रभारी सहायक संपत्ति कर अधिकारी जोन-3 भरत मालवीय, प्रभारी वसूलीकर्ता जोन-1 रवींद्रसिंह राणा, सहायक राजस्व निरीक्षक जोन-2 संजयसिंह पवार, प्रभारी वसूलीकर्ता जोन-2 रामेंद्र देवधरे और प्रभारी वसूलीकर्ता जोन-5 बबलू फतरोड़ को नोटिस थमाया है। कार्यालयीन समय में 10 बजे तक उपस्थित होकर ई-अटेंडेंस दर्ज करना अनिवार्य है। बावजूद संबंधित कर्मचारियों द्वारा 11 बजे तक उपस्थिति दर्ज नहीं की।

## इंदौर की तर्ज पर उज्जैन में अब टेंपल बॉन्ड से संवरेंगे 9 तीर्थ

# यूडीए ने 1050 करोड़ का प्रस्ताव सरकार को भेजा

## सिंहस्थ 2028 - कालभैरव से सांदीपनि आश्रम तक होगा कायाकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौर में ग्रीन बॉन्ड के जरिए फंड जुटाने के सफल मॉडल के बाद उज्जैन में टेंपल बॉन्ड के जरिए 1050 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी है। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने 9 प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा है।

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इस प्लान में कालभैरव, मंगलनाथ सहित प्रमुख स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति हो चुकी है। पीएम एकता मॉल के पीछे भी डेवलपमेंट करेंगे।

महाकाल लोक तैयार होने के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर रोजाना करीब 1.25 लाख पहुंच गई है।



इसी को देखते हुए प्रशासन सड़क, पार्किंग, घाट विकास और पर्यटन सुविधाओं को उन्नत करने की तैयारी कर रहा है।

### 1050 करोड़ ऐसे जुटाएंगे

शुरुआत में 200 करोड़ रु. बॉन्ड के जरिए जुटाने की योजना है। 587.50 करोड़ बैंक लोन व 262.50 करोड़ अर्बन चैलेंज फंड से प्राप्त होंगे। अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत 25 फीसदी हिस्सेदारी केंद्र सरकार देगी।

### बड़े आकर्षण कालभैरव और सांदीपनि आश्रम होंगे

- कालभैरव मंदिर परिसर में एक साथ लगभग 2 लाख श्रद्धालुओं को संभालने की क्षमता विकसित की जाएगी।
- सांदीपनि आश्रम को आध्यात्मिक के साथ-साथ शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। गुरुकुल जैसी सुविधाएं होंगी।
- मंगलनाथ क्षेत्र में चौड़ी सड़क और बेहतर कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी।
- नवग्रह मंदिर में कतार प्रबंधन और पार्किंग की व्यापक व्यवस्था होगी।
- सिद्धवट घाट और क्षिप्रा नदी के किनारे रिवर फ्रंट विकास भी योजना का हिस्सा है।
- पूरे शहर में ड्रेनेज, लाइटिंग, पेयजल व सार्वजनिक सुविधाएं बेहतर की जाएगी।
- उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यापार को गति मिलेगी। रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
- रिवर फ्रंट विकास पर खास जोर। नदी के इकोसिस्टम, वनस्पति और जीवों के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### सिंहस्थ में सुविधाएं मिलेंगी

हाइब्रिड फंडिंग मॉडल से 1050 करोड़ का प्रोजेक्ट लागू होगा, जिसमें बॉन्ड, बैंक लोन और अर्बन चैलेंज फंड शामिल हैं। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर भीड़ प्रबंधन, कनेक्टिविटी व सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

-आशीष सिंह, संभागायुक्त

## कंठाल से सतीगेट चौड़ीकरण

# हनुमान मंदिर को थोड़ा पीछे करेंगे गणेश मंदिर के लिए नई जगह ढूंढेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे और प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्यों के बीच मंदिरों की शिफ्टिंग नगर निगम के लिए इस बार भी बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पिछले चौड़ीकरण कार्यों में कोयला फाटक से कंठाल और बियाबानी से तेलीवाड़ा मार्ग पर अंतिम समय तक धार्मिक स्थलों को नहीं हटाया जा सका था, जिससे नालियों का निर्माण प्रभावित हुआ और साइट समय पर खाली नहीं हो पाई। इसी अनुभव को देखते हुए निगम इस बार पहले से योजना बनाने में जुटा है, लेकिन अभी भी कई स्थानों पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है।



शुक्रवार को बियाबानी चौड़ीकरण मार्ग पर बचे एकमात्र मंदिर को शिफ्ट करने की तैयारी की गई। इसके लिए पास में ही नया स्थान तैयार किया है, जहां मंदिर को विस्थापित किया जाएगा। वहीं हाल ही में शुरू हुए कंठाल से सतीगेट चौड़ीकरण मार्ग पर दो मंदिर प्रभावित हो रहे हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार हनुमान मंदिर को पीछे की ओर स्थानांतरित करने की योजना है, जबकि गणेश मंदिर के लिए आसपास उपयुक्त जगह तलाश की जा रही है। कंठाल क्षेत्र में नाले पर बने मंदिर को लेकर विवाद भी सामने आया है।

कंठाल निवासी अरविंद मैदावाला ने संभागायुक्त को आवेदन देकर नाले और मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट करने और प्रशासन की योजना बताने की मांग की है व इसके स्थानांतरण को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। इधर, ढाबारोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य में भी श्रीनाथजी की मुख्य हवेली का हिस्सा प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है और प्रशासन स्तर पर विचार जारी है। ऐसे में साफ है समय रहते मंदिरों की शिफ्टिंग नहीं हुई तो चौड़ीकरण फिर से प्रभावित हो सकते हैं, जिससे सिंहस्थ में असर पड़ने की आशंका बनी हुई है।

## 24 घंटे में तीन खुदकुशी

# चौड़ीकरण में मकान टूटने के तनाव में वृद्ध महिला ने फांसी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



24 घंटे के भीतर आत्महत्या के तीन मामले सामने आए हैं। तीनों में ही फांसी लगाकर जान दी गई है। नीलगंगा, भैरवगढ़ और घट्टिया थाना पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के एकतानगर में रहने वाली लीलाबाई पति परशराम रायकवार 65 साल का शव किचन में फंदे पर लटका मिला। सुबह करीब 4 बजे बेटी पिंकी की नींद खुली तो उसने किचन में मां लीलाबाई के शव को पंखे से लटका देख, वह चीख उठी। आसपास के लोग भी चीख-पुकार सुन मदद के लिए पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंपा। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल में मौजूद रिश्तेदारों ने इतना जरूर कहा कि लीलाबाई एकतानगर में रहती है और उक्त मार्ग का चौड़ीकरण होने वाला है, जिसमें उनका मकान भी चौड़ीकरण की जद में आ रहा है, इसलिए कुछ दिनों से तनाव में थी। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पारिवारिक वजह निजी समस्या भी वजह हो सकती है, इसलिए जांच के बाद ही नतीजे पर पहुंचेंगे।


भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के परसोली झाली गांव निवासी मेहरबान पिता लक्ष्मण 45 साल का शव गांव में पेड़ पर लटका मिला। सुबह घरवालों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मेहरबान खेती कार्य करता था। सूचना पर भैरवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया ग्रामीण ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की, पता किया जा रहा है। फिलहाल परिजन ने बयान नहीं दिए हैं। आगर रोड स्थित पानबिहार चौकी क्षेत्र के कागजी कराड़िया गांव निवासी टीकमचंद पिता भागीरथ 40 साल ने घर में फांसी लगा ली। जीजा अंतरसिंह ने पुलिस को सूचना दी और मर्ग कायम कराया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने परिजन के बयान लेकर पोस्टमार्टम कराया। यह पता चला है कि टीकमचंद अत्यधिक शराब पीने का आदी था।

# उज्जैन में संत को मिली गर्दन काटने की धमकी

## हैदराबाद में दिया था उद्बोधन, सोशल मीडिया पर मिलने लगी जान से मारने की धमकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के एक संत को सोशल मीडिया पर गर्दन काटने की धमकी मिली है। संत ने हैदराबाद में रामनवमी पर मंच से उद्बोधन दिया था। जिससे नाराज होकर सोशल मीडिया पर हैदराबाद के एक युवक ने धमकी भरा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला, जिसके बाद कई लोगों ने कमेंट्स करके संत को जान से मारने की धमकी दी है।



इसकी शिकायत शुक्रवार को उज्जैन के महाकाल थाने में की गई है। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चारधाम मंदिर, जयसिंहपुरा निवासी रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने इस संबंध में थाने में शिकायत दर्ज कराई है, उन्होंने बताया कि 27 मार्च 2026 को हैदराबाद में निकली शोभायात्रा और धार्मिक कार्यक्रम में उन्होंने उद्बोधन दिया था। इस दौरान उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण और गो हत्या पर अपने विचार रखे थे।


उनके विचारों को टारगेट कर इंस्टाग्राम से वीडियो को वायरल किया गया, जिसमें वो खुद भी रामस्वरूप ब्रह्मचारी को धमकी दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद महाराज को धमकी की लाइन लग गई। इस बीच कुछ लोगों ने महाराज का तन सर से जुदा करने की भी धमकी दे दी।

**अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज-** रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि मुझे जानने वालों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपके खिलाफ आपत्तिजनक और धमकी भरे पोस्ट सामने आए हैं। इसके बाद हमने उसके स्क्रीन शॉट लेकर महाकाल थाने में दिए हैं। वहां पर अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

एडिशनल एसपी आलोक शर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना महाकाल, में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और मामले को विवेचना में लिया गया है।

उज्जैन
शनिवार
02
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### ई-रिक्शा की टक्कर से 12 साल के बच्चे की मौत

**इंदौर।** हीरानगर में रहने वाले 12 साल के एक बच्चे की हादसे में मौत हो गई। वह गार्डन में खेलने जा रहा था। इस दौरान सड़क पार करते समय उसे एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने बच्चे को उठाया और ई-रिक्शा चला रही महिला के साथ उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया। यहां बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही महिला वहां से भाग गई। हीरानगर पुलिस के मुताबिक मृतक 12 वर्षीय करण पिता मुकेश डामोर निवासी रघुनंदन बाग है। शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे सड़क पार करते समय उसे ई-रिक्शा (टढ09-अळ5741) ने टक्कर मार दी। हादसे में करण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करण के परिजनों ने बताया कि वह घर के सामने स्थित ग्लोवर गार्डन में दूसरे बच्चों के साथ खेलने जा रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। करण का परिवार मूल रूप से झाबुआ का रहने वाला है। उसके पिता इंदौर में मजदूरी करते हैं। परिवार में उसका एक छोटा भाई भी है। पुलिस अब ई-रिक्शा चला रही महिला की तलाश कर रही है।

### सेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट ने किया सुसाइड

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में सेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहने वाले इंजीनियरिंग के एक छात्र ने शुक्रवार को सुसाइड कर लिया। वह तबीयत खराब होने के कारण कॉलेज नहीं गया था। शाम को उसका दोस्त कमरे पर उसे देखने पहुंचा तो छात्र फंदे पर लटका मिला। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भिजवाया है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक मृतक उत्कर्ष (21) ने सेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में फांसी लगाई। उसका दोस्त हिमांशु उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि उत्कर्ष मूल रूप से लखनऊ का रहने वाला था और पिछले तीन साल से यहां इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक उत्कर्ष शुक्रवार को कमरे से बाहर नहीं निकला था। उसने तबीयत खराब होने की बात कही थी। शुरूआती जांच में उसके डिप्रेशन में होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने बताया कि परिवार से संपर्क किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

### दो करोड़ का क्लेम फर्जी तरीके से लेने का प्रयास

**इंदौर।** जिला एवं सत्र न्यायालय ने दो करोड़ रुपए के बीमा क्लेम को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि तथ्य छुपाकर किया गया दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। मामले में एक सरकारी डॉक्टर द्वारा बिना पोस्टमॉर्टम के ह्यदुर्घटना से मृत्युह्ण की रिपोर्ट देने का खुलासा भी हुआ, जिस पर अदालत ने सख्त रुख अपनाया। विजय चौहान नामक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। उपचार के बाद वह घर लौट गया, लेकिन बाद में तबीयत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। परिजन ने इसे दुर्घटना से हुई मौत बताते हुए दो करोड़ रुपए का क्लेम हासिल करने के लिए कोर्ट में परिवाद लगाया। देरी से एफआईआर, तथ्य छुपाने का आरोप- बीमा कंपनी ने दलील दी कि घटना के करीब एक महीने बाद एफआईआर दर्ज कराई गई। दूसरी बार भर्ती होने के बाद उसकी मृत्यु हुई। इस तथ्य को छुपाकर परिवाद लगाया गया। कोर्ट ने क्लेम खारिज किया : अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद साक्ष्यों और दलीलों को देखते हुए दो करोड़ रुपए का क्लेम खारिज कर दिया। हालांकि, दुर्घटना में आई चोट के कारण हुई क्षति को मानते हुए 20 हजार रुपए का मुआवजा देने के निर्देश दिए। क्लेम के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट जरूरी होती है, लेकिन एमवाय अस्पताल के डॉक्टर सोंधिया ने बिना पीएम किए ही एक्सीडेंट में मृत्यु होने की रिपोर्ट दे दी।

## स्मार्ट सिटी में दो नियम : इंदौर में बिना मुआवजा तोड़फोड़, उज्जैन में सबको पैसा

# बियाबानी, राजमोहल्ला के मकान वाले ठगा महसूस कर रहे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

वर्षों से सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर मकान-दुकानें तोड़ी जा रही हैं और प्रभावितों को मुआवजा देने में भी भेदभाव किया जा रहा है। लोगों को सिर्फ ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) के सपने दिखाए गए। वहीं उज्जैन में स्मार्ट सिटी कंपनी 10 परिवारों को मुआवजा देने जा रही है। शहर में 2016 से टोरी कॉर्नर-बियाबानी रोड, एमजी रोड सहित कई इलाकों में सड़क बनाने के नाम पर कार्रवाई हुई, लेकिन किसी को मुआवजा नहीं दिया गया। कई लोगों की रोजी-रोटी इन जगहों से जुड़ी थी।

एबीडी एरिया में चार सड़कों के लिए 1100 से ज्यादा संपत्तियां तोड़ी गईं, जहां अब तक मुआवजे या टीडीआर प्रक्रिया ही लंबित है। एक साल में ही मास्टर प्लान की सड़कों पर 1000 से ज्यादा बाधक चिह्नित किए गए। कई जगह बिना किसी अंतिम निर्णय के ही



कार्रवाई कर दी गई। बीते सोमवार को सुभाष मार्ग पर नोटिस देने पहुंची निगम टीम के सामने परिवार बिलख पड़ा, कॉर्नर मकान दोनों तरफ से जा रहा लेकिन मुआवजे के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा।

उधर, उज्जैन में सिंहस्थ क्षेत्र में महाकाल पार्किंग से चौबीस खंभा रोड तक बनने वाली सड़क के लिए उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड 10 प्रभावित संपत्तियों को मुआवजा देगी। इसका विज्ञापन भी जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 लागू होगा।

### 2,975 निर्माण सिर्फ मास्टर प्लान की सड़कों में बाधक

- स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट 2023-24 के तहत 34.75 किमी लंबी 23 सड़कों पर 468 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिनमें 2,975 बाधक चिह्नित हैं। चंदन नगर-कालानी नगर मार्ग पर करीब 300 निर्माण प्रभावित होंगे। आरई-2, एमआर-4 सहित अन्य सड़कों पर काम जारी हैं, लेकिन निगम ने किसी को मुआवजा नहीं दिया है।
- **दो साल बाद भी जमीनी हकीकत शून्य-** टीडीआर पोर्टल व खरीदी-बिक्री को लेकर दो साल से दावे, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। दर्जनों बैठकें हुई, लेकिन सिस्टम नहीं बना।
- **सिंहस्थ मद से उज्जैन को मिल रहा पैसा-** बजट में सिंहस्थ के लिए 3,060 करोड़ का प्रावधान, जो पिछले साल से 1,055 करोड़ अधिक है। अब तक कुल ?5,570 करोड़ स्वीकृत।

### आईडीए भी जिम्मेदारी से बच रहा, निगम पर छोड़ा

मुआवजा देने में आईडीए भी जिम्मेदारी से बचता नजर आता है। मुआवजा देने में आईडीए पूरा मामला निगम पर छोड़ देता है। केवल निर्माण राशि देकर अलग हो जाता है। एमआर-5, आरडब्ल्यू-1 व एमआर-3 में यही स्थिति सामने आई है। यह तय नहीं कि भुगतान कौन करेगा।

### निगम एक्ट में मुआवजे का प्रावधान नहीं

नगर निगम एक्ट में मुआवजा देने के प्रावधान नहीं है। सड़क निर्माण में जो भी संपत्तियां ली जा रही है, उनको टीडीआर का लाभ दिया जा रहा है।

**-अभय राजनगांवकर, अपर आयुक्त**

# रघुवंशी हत्याकांड में राज की जमानत खारिज

## जेल से छूटने के बाद होटल में ठहरी सोनम, शिलॉन्ग से बाहर जाने के लिए दाखिल करेगी अर्जी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शिलॉन्ग की अदालत ने शुक्रवार को चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, सोनम को मिली जमानत को आधार बनाकर जेल में बंद अन्य आरोपी विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत ने भी कोर्ट में जमानत के लिए आवेदन दायर कर दिया है।

बता दें की राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम मंगलवार रात को जेल से रिहा हो चुकी है और फिलहाल शिलांग के एक होटल में ठहरी हुई है। ऐसे में वह सुरक्षा कारणों का हवाला देकर शिलॉन्ग से बाहर जाने की अनुमति के लिए नई अर्जी दाखिल कर सकती है।



राज के वकील फुयोसा योबिन के अनुसार, सेशन कोर्ट ने जमानत याचिका को तकनीकी आधार पर निरस्त किया। आवेदन में पिछले बेल आवेदन का उल्लेख नहीं किया गया था, जिसे कोर्ट ने गंभीर माना। हालांकि, यह खारिजी मामले के गुण-दोष (मेरिट) के आधार पर नहीं हुई। अब सोमवार को नई जमानत अर्जी दायर की जाएगी। राज की गिरफ्तारी के बाद उसका परिवार इंदौर से उत्तर प्रदेश स्थित गांव चला गया है। फिलहाल कोई भी परिजन उससे मिलने नहीं आ रहा है और कोर्ट संबंधी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए वकील ही शिलॉन्ग जेल पहुंचते हैं।

# इंदौर के दंपति ने गिरवी रखी प्रॉपर्टी का किया सौदा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की एक दंपति ने अपने फ्लैट का सौदा 47 लाख रुपए में किया था। जबकि पहले से महिला के पति ने फ्लैट को बैंक में गिरवी रखकर लोन ले रखा था। बाद में दंपति ने फ्लैट बेचने से इनकार कर दिया और पीड़ित महिला को धमकाया। इस मामले में अधिकारियों को शिकायत की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

अन्नपूर्णा पुलिस ने बताया कि सुनिता पाल की शिकायत पर संगीता मोटवानी और उसके पति कमल मोटवानी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। सुनिता ने संगीता से धनवंतरी निवास सिल्वर पैलेस कॉलोनी में स्थित फ्लैट 47 लाख रुपए में खरीदने का सौदा किया था। इसके एवज में पहले 1 लाख रुपए बयाने के रूप में दिए गए। 6 जून 2025 को सेल एग्रीमेंट बनने के बाद 5 लाख रुपए का एक चेक भी दिया गया, जिसे दंपति ने नकद करा लिया। इसके बाद संगीता ने फ्लैट के सभी टैक्स जमा करने की बात कही, जिसमें हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और अन्य टैक्स शामिल थे। इस पर संगीता ने सुनिता से कहा कि वह यह भुगतान अपने पास से कर दे और बाद में कुल भुगतान में से राशि काट ले।

# महावीर जन्म कल्याणक विवाद- 15 दिन में क्षतिपूर्ति की मांग


## लेटरहेड के दुरुपयोग और छवि धूमिल करने के आरोप, नोटिस में कहा- 7 दिन में माफी मांगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

महावीर जन्म कल्याणक के मौके पर आयोजित नवकारसी कार्यक्रम से जुड़े विवाद में 50 लाख रुपए का मानहानि का नोटिस भेजा है।

नोटिस में श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास के पदाधिकारियों पर अधिकारिक लेटरहेड के दुरुपयोग, मानहानिकारक टिप्पणियां प्रकाशित करने और सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

यह नोटिस नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन की ओर से एडवोकेट राजेश जोशी के माध्यम से दिया है। 1 मई 2026 को भेजे गए



नोटिस में कहा है कि महासंघ से जारी स्पष्टीकरण में अधिकारिक लेटरहेड का उपयोग कर निराधार और अपमानजनक टिप्पणियां प्रकाशित की गईं।

नोटिस के अनुसार यह पत्र केवल आंतरिक उपयोग तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में वितरित किया गया और व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया गया, जिससे संबंधित पक्ष की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा।

नोटिस में उल्लेख किया है कि संबंधित व्यक्ति (अक्षय जैन) पिछले 40 वर्षों से व्यापार और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनकी साख स्थापित रही है। वे अहिल्या चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंदौर रिटेल गारमेंट्स व्यापारी संघ सहित विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हुए हैं।

आरोप है कि जारी पत्र के माध्यम से उनकी चार दशक पुरानी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।

विधिक नोटिस में कहा गया है कि महावीर जन्म कल्याणक के दिन नवकारसी आयोजन में ट्रैक्टर खड़े होने से उत्पन्न विवाद वाहन चालक की वजह से हुआ था। इस घटना को लेकर इवेंट कंपनी के संचालक ने लिखित में अपनी गलती स्वीकार करते हुए श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के समक्ष माफी भी दी थी। इसके बावजूद 29 दिन बाद आरोपों का उल्लेख करते हुए पत्र जारी करना दुर्भावनापूर्ण और पूर्वनियोजित बताया गया है।

**संस्था के मंच से व्यक्तिगत आरोप लगाने का आरोप-** नोटिस में 29 अप्रैल को आयोजित बैठक के मिनट्स पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि संस्था के पद और मंच का उपयोग कर व्यक्तिगत आरोपों को संस्थागत स्वरूप दिया गया, जिससे न केवल संस्था की गरिमा प्रभावित हुई बल्कि एक व्यक्ति विशेष के खिलाफ सामाजिक धारणा बनाने का प्रयास किया गया।

नोटिस में कहा है कि यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 356 (मानहानि) और धारा 61 (आपराधिक साजिश) के अंतर्गत दंडनीय है। साथ ही इसे दीवानी क्षति के दावे के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है।

विधिक नोटिस में 15 दिनों के भीतर 50 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति की मांग की गई है, जो प्रतिष्ठा हानि, मानसिक पीड़ा और सामाजिक क्षति के प्रतिकर के रूप में मांगी गई है। इसके अलावा 25 हजार विधिक खर्च के रूप में भी मांगे गए हैं।

# ॐ सनातन धर्म के सोलह संस्कार
## (16 Sanskar of Hindu Dharma)



**गर्भाधान संस्कार**
संतान प्राप्ति हेतु शुद्ध भाव व संकल्प



**पुंसवन संस्कार**
गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य व संरक्षण हेतु



**सीमन्तोन्नयन संस्कार**
गर्भवती माता की मानसिक एवं शारीरिक शांति हेतु



**जातकर्म संस्कार**
शिशु के जन्म के समय किया जाने वाला संस्कार



**नामकरण संस्कार**
शिशु का शुभ नामकरण



**निष्क्रमण संस्कार**
शिशु को प्रथम बार घर से बाहर ले जाना



**अन्नप्राशन संस्कार**
शिशु को प्रथम बार अन्न ग्रहण कराना



**चूड़ाकर्म (मुंडन) संस्कार**
बालों का प्रथम संस्कार



**कर्णवेध संस्कार**
कान छेदन संस्कार



**उपनयन संस्कार**
विद्या आरंभ एवं ब्रह्मचर्य का प्रवेश




**वेदारंभ संस्कार**
वेद एवं शास्त्र अध्ययन का प्रारंभ




**समावर्तन संस्कार**
शिक्षा पूर्ण कर गृहस्थ जीवन की तैयारी




**विवाह संस्कार**
धर्मपूर्वक गृहस्थ जीवन का आरंभ



**वानप्रस्थ संस्कार**
सांसारिक मोह से धीरे-धीरे विरक्ति



**संन्यास संस्कार**
पूर्ण वैराग्य व मोक्ष मार्ग की ओर गमन



**अंत्येष्टि संस्कार**
देह त्याग के पश्चात अंतिम संस्कार


घर में जहरीले जीवों को
दूर भगाने वाले पौधे
तुलसी
मच्छर / कीडे
सर्पगंधा
सांप
मेंदा
सांप / कीडे
लैवेंडर
मच्छर / पतंगे
पुदीना
चुहा / चीटिया
dakshnursery
लेमन ग्रास
मच्छर
रोजमेरी
मच्छर / मक्खी
नीम
कीडे / मच्छर
लहसुन
सांप / कीडे
अजवायन
चीटियां / कीडे

## प्रातः काल मंत्र

कराग्रे वसते लक्ष्मी,
करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दः,
प्रभाते कर दर्शनम् ।।

इस मंत्र को दोनों हाथों को देखते हुए बोलें।

## धरती प्रणाम मंत्र

समुद्र वसने देवी,
पर्वत स्तन मंडले।
विष्णु पत्नि नमस्तुभ्यं
पादस्पर्श क्षमस्व मे ।।

इस मंत्र को पढने के बाद धरती को प्रणाम कर पैर रखें।

## सूर्य नमन मंत्र

आदिदेव नमस्तुभ्यं
प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं
प्रभाकर नमोऽस्तुते ।।

इस मंत्र से भगवान सूर्य का न मन करने से घर में धन की वृद्धि होती है।

## रोग नाशक मंत्र

अच्युतानंदगोविंद
नामोच्चारण भेषजात्।
नश्यन्ति सकला रोगाः
सत्यं सत्यं वदाम्यहम् ।।

इस मंत्र के जाप से रोगों का नाश हो जाता है।

## गृह शांति मंत्र

या देवी सर्व भूतेषु
शांति रूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नमः ।।

इस मंत्र के जाप से घर में सदैव शांति रहती है। कलह समाप्त होता है।

## आपदानाशक मंत्र

आपदामपहर्तारं,
दातारं सर्व सम्पदाम् ।
लोकाभिरामं श्रीराम,
भूयो भूयो नमाम्यहम् ।।

इस मंत्र के पाठ से भगवान श्रीराम आपत्तियों का नाश करते हैं और धन सम्पदा देते हैं।

## भोजन मंत्र

ब्रह्मार्पण ब्रह्म हविः
ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं,
ब्रह्म कर्म समाधिना ।।

भोजन से पहले इस मंत्र का पाठ हमारी बुद्धि और तेज को बढ़ाता है।

## दीप मंत्र

दीप ज्योतिः पर ब्रह्म,
दीप ज्योतिजनार्दनः ।
दीपो हरतु मे पापं,
दीप ज्योतिर्नमोऽस्तुते ।।

दीप जलाकर इस मंत्र का पाठ हमारे पापों का नाश करता है।

## महामंत्र

कृष्णाय वासुदेवाय
हरये परमात्मने।
प्रणतक्लेशनाशाय
गोविंदाय नमो नमः ।।

रात्रि में सोने से पहले इस मंत्र को पढ़ने से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से सारे क्लेशों (दुखों) का नाश होता है।

## बाधा नाशक मंत्र

सर्व बाधा प्रशमनं,
त्रैलोक्यस्याऽखिलेश्वरी।
एवमेव त्वया कार्या
अस्मद्वैरि विनाशनम् ।।

हर प्रकार की बाधा नाश करने में यह मंत्र बहुत प्रभावी है।

## संतान प्राप्ति मंत्र

देवकीसुत गोविंद
वासुदेव जगत्पते।
देहि में तनयं कृष्ण
त्वामहं शरणंगतः ।।


संतान के इच्छुक दम्पति इस मंत्र का जप करें तो संतान की प्राप्ति होगी।

## विद्या प्राप्ति मंत्र

सरस्वती महाभागे,
वरदे कामरूपिणी।
विश्वरूपि विशालाक्षी,
देहि विद्या परमेश्वरी ।।

विद्या प्राप्ति के लिए इस मंत्र का जाप लाभकारी है।


॥ रुद्राभिषेक ॥
1. जल (पानी)
महत्व: ध्याद ओर पिव्रता के लिए
लाभ: अँ रींगाथसाय नमः।
मंत्र: अँ गेगपाय नमः।
2. दहै
महत्व: उर्वरता ओर पुष्मिद्द का प्रहिक
लाभ: सपुदि लाता करताये
मत्र: अँ सेह्लेख्राय नमः।
4. घी
महत्व: आउयान्पिक ज्ञान ओर
सर्ममि त का प्रतिक.
लाभ: मकरपतदा के हर करता।
मंत्र: अँ रिवाय नमः।
5. पंचामृत
महत्व: महपाताम मिछ्ता ध्याव
ओर सर्मणि का प्रतिक.
लाभ: अँ ररासस्त्रय नमः।
7. पचास्त (दूथ, दही, शहद,
धी, चीनी)
महत्व: सांध्यानिक शंसति प्रशेद
पत्ताम का विकक
मत्र: अँ रिंहपकाय नमः।
8. फल
महत्व: आभम ओर समत्ति का प्रतिक
लाभ: समुष्ट्दि ओर ओवन गे सत्तुलन लाता।
मंत्रं: अँ फत्त प्रदाय समः।
5. शहद
महत्व: शीतलता ओर शुद्धता
का विकक
लाभ: गन ओ शांत करता हे.
ओर मानिसक रानाव दूर
करता.
मंत्र: ॐ नमः रीवाय
6. चीनी
महत्व: स्थारी ओर पाथसत गेर
लाभ: सपृहिद साता सह ग्य
पह दांथ दूर करता।
मंत्र: अँ रथमकाय नमः।
8. फदन
महत्व: थुहित ओर मविसा का प्रततिक
लाभ: सांध्रातछा द करती हे.
मंत्र: अँ रुस्वाय नमः।
11. इत्र ओर धूप
महत्व: भत्ति ओर पविंशता का
प्रतिक सांसकतनातर
लाभ: अँ सुगंयाथ नमः।
12. गन्नै का रस
महत्व: रुद्धि ओर सगपूसिस का
प्रतिक सगस
मंत्र: अँ रपएाय नमः।
13. केसर जल
महत्व: राजता ओर समृयित का अतिक
लाभ:
धाशत्मक राुश समायदि वत्तम है.
मंत्रं: अँ केशवाय नमः।



## फिल्म राजा शिवाजी से सामने आया सलमान का लुक

**मूंछ और भगवा पगड़ी में नजर आए फिल्म में जीवा महाले के किरदार में दिखे**

फिल्म राजा शिवाजी में सलमान खान का पहला लुक सामने आया है, जिसमें वे मूंछों और भगवा पगड़ी में नजर आ रहे हैं। रितेश देशमुख निर्देशित यह फिल्म आज थिएटर्स में रिलीज हुई, जहां सलमान कैमियो करते हुए जीवा महाले के किरदार में दिखे।

राजा शिवाजी मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म है। इसमें रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म एक मल्टी-स्टारर प्रोजेक्ट है, जिसमें अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, फरदीन खान, विद्या बालन, बोमन ईरानी, महेश मांजरेकर और भाग्यश्री जैसे कलाकार हैं। फिल्म रिलीज के साथ ही सलमान का लुक सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वे पारंपरिक मराठा वेशभूषा में दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि सलमान के किरदार की आधिकारिक पुष्टि पहले नहीं की गई थी। अब फिल्म रिलीज के बाद यह साफ हुआ है कि वे एक कैमियो रोल में नजर आए हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान बताया था कि सलमान ने खुद फिल्म में शामिल होने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि उनकी पिछली फिल्मों लय भारी और वेद में भी सलमान मौजूद थे। ऐसे में इस फिल्म में भी उन्होंने दोस्ती के चलते काम करने की इच्छा जताई थी। फिल्म में सलमान के कैमियो को लेकर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं, कई यूजर्स ने उनकी एंट्री को दमदार बताया है। एक यूजर ने सलमान की स्क्रीन प्रेजेंस की तारीफ की।

**मिथुन चक्रवर्ती की बहु का कास्टिंग काउच पर खुलासा**

# डायरेक्टर ने सामने बिकनी पहनने की डिमांड की

**मदालसा बोलीं- मैं उस व्यक्त 19 साल की थी**







एक्टर मिथुन चक्रवर्ती की बहु और टीवी शो 'अनुपमा' में काव्या का रोल निभाने वाली मदालसा शर्मा ने कास्टिंग काउच को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि करियर के शुरूआती दिनों में एक नामी डायरेक्टर ने उनकी 'बॉडी लैंग्वेज' चेक करने के बहाने उनके सामने बिकिनी पहनने की डिमांड रखी थी। मदालसा ने उस वक्त डायरेक्टर पर गुस्सा हो गईं और मीटिंग छोड़कर बाहर निकल गईं।

मीटिंग में की गई अजीब डिमांड मदालसा शर्मा ने हाल ही में 'द मेल फेमिमिस्ट' पॉडकास्ट में अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि यह वाकया तब का है जब उनकी उम्र केवल 19 साल थी। एक नामी फिल्ममेकर ने उन्हें फिल्म के सिलसिले में मीटिंग के लिए बुलाया था। डायरेक्टर ने उनसे कहा कि वे फिल्म के लिए एक ऐसी लड़की की तलाश में हैं जो पर्दे पर बिकिनी पहनने में सहज हो। मदालसा ने बताया कि प्रोफेशनल तौर पर उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं थी, इसलिए उन्होंने हां कह दिया।

एक्ट्रेस ने अपनाया कड़ा रुख बातचीत के दौरान डायरेक्टर ने मदालसा से कहा कि वह अभी उनके सामने बिकिनी पहनकर दिखाएं, क्योंकि वह उनकी 'बॉडी लैंग्वेज' देखना चाहते हैं। इस पर मदालसा ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने डायरेक्टर से कहा, मैं एक प्रोफेशनल एक्ट्रेस हूं। अगर फिल्म के सीन की डिमांड है, तो मैं कैमरे के सामने बिकिनी या कुछ भी पहनने को तैयार हूं क्योंकि वह मेरी जॉब का हिस्सा है। लेकिन आपके सामने इस तरह कपड़े पहनना मेरे काम का हिस्सा नहीं है।

मदालसा ने साफ शब्दों में कहा कि अगर उनके टैलेंट पर भरोसा है तो कास्ट करें, वरना उन्हें बाहर जाने का रास्ता पता है। बाद में पता चली फिल्म की सच्चाई मदालसा ने बताया कि वह तुरंत वहां से चली गईं। कुछ दिनों बाद जब उन्होंने उस फिल्म की कास्टिंग से जुड़ी खबरें पढ़ीं, तो उन्हें एक और सच पता चला। जिस लड़की को उस रोल के लिए चुना गया था, वह असल में उस डायरेक्टर को डेट कर रही थी।



## दूसरी प्रेग्नेंसी के बीच शूटिंग करती दिखीं दीपिका पादुकोण

**केपटाउन में दीपिका का हाथ पकड़े नजर आए शाहरुख, फिल्म 'किंग' के फोटो लीक**

दीपिका पादुकोण अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बीच किंग फिल्म की शूटिंग करती दिखाई दी हैं। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'किंग' कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गई हैं। म्यूजिक सीक्वेंस शूट करते दिखे स्टार्स तस्वीरों में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण का लुक काफी कूल लग रहा है। दीपिका ने फ्लोरल प्रिंट का गाउन पहना हुआ है और वे सेट पर टहलती नजर आ रही हैं। वहीं, शाहरुख खान प्रिंटेड शर्ट में दिख रहे हैं, जिसके बटन उन्होंने खुले रखे हैं। बैकग्राउंड को देखकर लग रहा है कि यह किसी गाने की शूटिंग का हिस्सा है। इन तस्वीरों में सेट के बाकी क्रू मेंबर्स भी आसपास काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रेग्नेंसी के ऐलान के बाद सामने आई तस्वीरें ये तस्वीरें ऐसे समय में सामने आई हैं जब दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है। दीपिका ने 19 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की थी, जिसमें उनकी बेटी दुआ उनकी गोद में बैठी है और हाथ में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़े हुए है। फिल्म 'किंग' से जुड़ी खास बातें 'किंग' फिल्म को सुजॉय घोष डायरेक्ट कर रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ आनंद इसके प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात यह बताई जा रही है कि इसमें शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। केपटाउन के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्म का एक बड़ा हिस्सा शूट किया गया है।

**राजपाल यादव से 13 साल छोटी हैं पत्नी राधा**

# मौसी कहती थीं लंगूर को हूर मिल गई





बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने हाल ही में अपनी निजी जिंदगी और पत्नी राधा यादव के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की है। राजपाल अपनी पत्नी को सिर्फ जीवनसाथी नहीं, बल्कि अपनी सबसे बड़ी ताकत और अपने सफर की बैकबोन मानते हैं।

शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट उन्होंने बताया कि उनके ससुर ने सबसे पहले फिल्म 'जंगल' में राजपाल की फोटो देखी थी, जिसमें वे खड़े बाल और हाथ में बंदूक लिए डरावने लुक में थे।

मौसी कहती थीं लंगूर को मिली हूर इंटरव्यू के दौरान राजपाल ने एक मजाकिया किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि उनकी मौसी अक्सर उनके और राधा के रिश्ते पर कहती थीं, लंगूर को हूर मिल गई। उन्होंने अपने ससुर के पहले रिएक्शन के बारे में भी बताया। उनके ससुर ने सबसे पहले फिल्म 'जंगल' में राजपाल की फोटो देखी थी, जिसमें वे खड़े बाल और हाथ में बंदूक लिए डरावने लुक में थे। हालांकि, असल में मिलने के बाद वे समझ गए कि राजपाल एक नॉर्मल इंसान हैं।

**शॉपिंग से लेकर घर का हिसाब-किताब संभालती हैं**

कनाडा में हुई थी पहली मुलाकात राजपाल ने अपनी प्रेम कहानी को याद करते हुए एक बार बताया था कि उनकी मुलाकात राधा से कनाडा के कैलगरी में हुई थी। उस समय वे अपनी फिल्म 'द हीरो: लव स्टोरी ऑफ अ स्पाइ' की शूटिंग के लिए वहां गए थे।



राजपाल ने कहा था, आज भी मुझे समझ नहीं आता कि यूपी के एक आदमी ने वहां अपना पार्टनर कैसे ढूंढ लिया। दोनों एक कॉमन फ्रेंड के जरिए मिले थे। लगभग 10 महीने तक लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहने के बाद उन्होंने 2003 में परिवार की सहमति से शादी कर ली।

हिसाब-किताब और खर्च पत्नी ही संभालती हैं राजपाल ने बताया कि राधा सिर्फ घर ही नहीं, बल्कि उनके काम को लेकर भी काफी बेबाक हैं। उन्हें चापलूसी पसंद नहीं है। कई बार फिल्म प्रीमियर से लौटते समय फिल्मों के चुनाव को लेकर दोनों के बीच बहस भी हो जाती है।

राजपाल अपनी पत्नी की पसंद पर इतना भरोसा करते हैं कि उनके कपड़ों की शॉपिंग से लेकर घर का सारा हिसाब-किताब और खर्च भी राधा ही संभालती हैं। एक्टर ने कहा कि उनके बीच उम्र का करीब 13 साल का अंतर है, लेकिन उनका आपसी सम्मान बहुत मजबूत है।

गांव की परंपराओं को सहजता से अपनाया राधा को पांच भाषाओं का ज्ञान है, लेकिन उन्होंने राजपाल के गांव की संस्कृति को बहुत खूबसूरती से अपनाया है। राजपाल ने बताया कि राधा गांव जाकर वहां की भाषा में बात करती हैं और परंपरा के अनुसार घूंघट भी करती हैं। उन्हें देखकर कोई नहीं कह सकता कि वे विदेश में पली-बढ़ी हैं। वे हर साल होली-दिवाली पर गांव जरूर जाती हैं और परिवार के साथ समय बिताती हैं।

पहली पत्नी के निधन के बाद हुई दूसरी शादी राजपाल यादव की निजी जिंदगी में एक दुखद दौर भी रहा है। राधा उनकी दूसरी पत्नी हैं। राजपाल की पहली शादी महज 18-20 साल की उम्र में उनके परिवार ने करवा दी थी। हालांकि, प्रसव के दौरान उनकी पहली पत्नी का निधन हो गया था। उस शादी से उनकी एक बड़ी बेटी है। साल 2003 में राधा से शादी की। राधा और राजपाल की दो बेटियां और एक बेटा है।

### पाकिस्तानी बोले- वैभव के बैट में एआई चिप लगी है

# सूर्यवंशी का जवाब- भगवान ने लगाकर दी है उन्होंने ऊपर ही कहा था- इसी का इस्तेमाल करना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

बिहार के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे हैं। उनकी बैटिंग की चर्चा अब पाकिस्तान तक पहुंच गई है। पाकिस्तान के क्रिकेट एक्सपर्ट नौमान नियाज का मानना है कि वैभव के बैट में अकचिप लगा हुआ है, जिसके कारण वह लंबे-लंबे छक्के लगा रहे हैं।

इस पर राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वैभव से सवाल पूछा गया- क्या आपके बैट में अकचिप लगा हुआ है। इसपर वैभव ने कहा, भगवान ने लगा कर दिया है। ऊपर ही बोला था कि बैट में तुम्हारे कुछ लगाकर दे रहा हूं। उसी का इस्तेमाल कर रहा हूं।

इधर, आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच मैच खेला जा रहा है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी है। वैभव सूर्यवंशी 4 रन बनाकर आउट हो गए हैं। काइल जैमिसन ने उन्हें बोल्ड कर दिया।





**10 मैचों में बनाए 404 रन-** राजस्थान के लिए इस सीजन में वैभव सूर्यवंशी ने 10 मैचों में 404 रन बनाए हैं। जिसमें 1 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। खास बात ये है कि उनके 350+ रन सिर्फ चौकों-छक्कों से आए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 238.09 है।

**36 गेंद में शतक, आईपीएल इतिहास में तीसरे सबसे तेज-** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने मात्र 36 गेंदों में 103 रन बनाकर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ दिया। इस धमाकेदार पारी में उन्होंने 12 छक्के और 5 चौके लगाए। सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 2013 में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 30 गेंद पर शतक लगाया था। इसके अलावा वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय भी हैं।

**एक आईपीएल इनिंग में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय-** वैभव ने अपनी शतकीय पारी में 12 छक्के लगाए। वे आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मुरली विजय के नाम था, जिन्होंने 2010 में फ्फ़के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे। वैभव ने भी 2025 में जीटी के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

**वैभव आईपीएल में सबसे तेज 50 सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी-** वैभव ने आईपीएल में सबसे तेज 50 छक्के पूरे करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने सिर्फ 15 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 21 पारियों में 50 छक्के पूरे किए थे। तीसरे नंबर पर 23 पारियों के साथ रजत पाटीदार हैं।

**आईपीएल में सबसे तेज 500 रन बनाने वाले खिलाड़ी-** वैभव सूर्यवंशी ने अपने आईपीएल करियर में 500 रन पूरे कर लिए हैं। वे लीग में सबसे कम गेंदों में यह मुकाम हासिल करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ मैच में पहली ही गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। वैभव ने सिर्फ 227 गेंदों पर 500 रन बनाए हैं।

### दिल्ली आईपीएल में लगातार तीन हार के बाद जीती, राजस्थान को 7 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है। टीम ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने 226 रन का टारगेट 19.1 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर दिया। टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। दिल्ली की ओर से ओपनर्स ने 110 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के सहारे दिल्ली ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। दिल्ली की ओर से केएल राहुल ने 40 बॉल पर 75 रन की पारी खेली। इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। राहुल के ओपनिंग पार्टनर पाथुम निसांका ने 33 बॉल पर 6 चौके और 3 छक्के के सहारे 62 रन बनाए। **कप्तान रियान पराग शतक चूके-** कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली। 50 बॉल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बॉल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से सीजन का पहला मैच खेल रहे मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला।

### आईपीएल में आज चेन्नई-मुंबई

## प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए दोनों के लिए जीत जरूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल 2026 में संघर्ष कर रहीं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस शनिवार को चेपॉक में आमने-सामने होंगी। मुकाबला शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच में भी सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का खेलना मुश्किल लग रहा है। इस सीजन में चेन्नई ने अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से 3 में उन्हें जीत मिली है और 5 में हार का सामना किया है। मुंबई ने अब तक अपने 8 में से सिर्फ 2 मैच जीते हैं और 6 में हार झेली है। हारने वाली टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। यह दोनों टीमों के बीच इस सीजन का दूसरा मुकाबला है। मुंबई में 23 अप्रैल को खेले गए मैच में चेन्नई ने 103 रन से हराया था।

**चेन्नई के खिलाफ मुंबई दो मैच से आगे-** दोनों टीमों के बीच आईपीएल में 40 मैच हुए हैं। चेन्नई ने 19 और मुंबई ने 21 जीते हैं। पिछले सीजन दोनों के बीच 2 मैच हुए, जिसमें दोनों ने 1-1 जीते। चेपॉक में दोनों के बीच 9 मैच खेले गए हैं। इसमें मुंबई ने 5 और चेन्नई ने 4 मैच जीते।

**सैमसन ने मुंबई के खिलाफ शतक लगाया था-** संजू सैमसन ने मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में शतक लगाया था। सैमसन 8 पारियों में 2 शतक समेत 300 से ज्यादा रन बना चुके हैं और टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। गेंदबाजी में जेमी ओवरटन और अंशुल कंबोज ने प्रभावित किया है। ओवरटन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 4/18 का बेस्ट स्पेल डाला था। कंबोज टॉप विकेट टेकर हैं, वे 8 मैचों में 14 विकेट ले चुके हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

संपूर्ण समस्या का शीघ्र समाधान
ज्योतिषाचार्य पं. अमित तिवारी
हस्त रेखा एवं रत्न विशेषज्ञ
पीताम्बरा ज्योतिष अनुसंधान एवं ज्योतिष अध्ययन केन्द्र
कालसर्प दोष, पितृदोष एवं मंगलदोष का पूर्णतः निवारण
पीताम्बरा अनुष्ठान तांत्रिक विधान, महामृत्युंजय जप, रुद्रा अभिषेक नवग्रह शान्ति, जन्म पत्रिका, अंगारेश्वर, भात पूजा (मंगल शान्ति) आदि समस्त मांगलिक कार्य के लिए सम्पर्क करें
पता- ऑ. नं. 4, नगर निगम काम्प्लेक्स, केलकर परिसर के सामने, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.)
93016-45907, 99264-10008
Email-astroamit5tiwari21@gmail.com

देवास बदनावर फोरलेन पर नवीन प्रतिष्ठान
मेरिडियन फूड कोर्ट रेस्टोरेंट
का दादा दयालु श्री नारायण यादव के करकमलों द्वारा.....
शुद्ध शाकाहारी भोजन एवं स्वादिष्ट भोजन
MERIDIAN FOOD COURT
हमारा स्वाद....आपका विश्वास....
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
97 1344 9549
लोकेशन के लिए स्कैन करें
कुंवारिया, देवास बदनावर फोरलेन रोड, तपोभूमि से देवास तरफ 1 Km., उज्जैन

REALMAKER
जल्दी आए जल्दी पाए एक सुंदर आशियाना अपने सपनों का घर
FLATE FOR SALE
IN DEWAS ROAD UJJAIN
सिर्फ रु 11,51000 में 1 BHK FLATS
Property Features
Balcony
Living Room
Kichen Room
Bed Room
BOOK NOW
Super Build Up Area 421 Sq. Ft.
राजेश सूर्यवंशी
+918982745307
दिनेश मालवीय
मो. 9981855639

कमर्शियल के बाद

## अब घरेलू रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़ सकते हैं दाम




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

कमर्शियल सिलिंडर महंगा होने के बावजूद घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रखी गई हैं। लेकिन तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। सरकार के सामने चुनौती है कि वह कंपनियों को घाटे से बचाए या जनता पर महंगाई का बोझ डाले।

कमर्शियल सिलिंडर 993 रुपये महंगा हो गया।?लेकिन, रसोई गैस सिलिंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े।?पहली नजर में यह राहत लगती है, लेकिन असली कहानी रोके हुए दबाव की है। बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की लागत बढ़ चुकी है और तेल कंपनियों पर नुकसान का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के सामने बड़ी चुनौती है कि आम उपभोक्ता को कब तक बचाया जा सकता है? दिक्कत यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार और घरेलू कीमतों के बीच का अंतर अब बड़ा हो गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, अगर कच्चा तेल 120-125 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहता है, तो पेट्रोल पर तेल कंपनियों का मार्केटिंग मार्जिन करीब 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर निगेटिव है। घरेलू एलपीजी पर भी दबाव तेज है। एजेंसी का अनुमान है कि मौजूदा अंडर-रिकवरी बनी रही, तो वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू एलपीजी पर तेल कंपनियों की अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। यही आंकड़ा सरकार की मुश्किल बताता है। 2026-27 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए 11,085 करोड़ का प्रावधान है। इसमें गरीब परिवारों के एलपीजी कनेक्शन के लिए 9,200 करोड़ और पहल के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए 1,500 करोड़ रुपये शामिल हैं।

विशाखापत्तनम को ग्लोबल एआई हब बनाएगा भारत

# 15 अरब डॉलर का गूगल एआई डेटा सेंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर का शिलान्यास हुआ। अदाणी ग्रुप और एयरटेल की रणनीतिक साझेदारी से भारत का डिजिटल और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा, इस बड़े विकास की पूरी बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।

भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक छलांग लगाई है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम (तारलुवाड़ा) में 15 अरब डॉलर के आगामी 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' की आधारशिला रखी है। यह महात्वाकांक्षी परियोजना वैश्विक टेक दिग्गज गूगल, अदाणी ग्रुप और भारती एयरटेल की रणनीतिक साझेदारी में विकसित की जा रही है। इस निवेश से विशाखापत्तनम भारत का नया एआई आधारित डिजिटल गेटवे बनने जा रहा है।




### वैश्विक कनेक्टिविटी और हार्डवेयर निर्माण

- शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे भारत के डिजिटल ढांचे को मजबूत करने वाला कदम बताया और विशाखापत्तनम के एक 'एआई सिटी' में तब्दील होने का विश्वास जताया।
- **सबमरीन केबल नेटवर्क:** इस डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम से बिछाई जा रही अत्याधुनिक समुद्री केबल और मजबूत फाइबर नेटवर्क के कारण 'लेटेंसी' (डेटा ट्रांसफर में लगने वाला समय) कम होगी। इससे भारत का संपर्क यूरोप, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के साथ और अधिक मजबूत हो जाएगा।
- **घरेलू विनिर्माण का आह्वान:** भारत अब अपनी घरेलू इलेक्ट्रॉनिक मांग का लगभग 50 प्रतिशत खुद पूरा कर रहा है और मोबाइल फोन के निर्यात में बड़ी छलांग लगा चुका है। इसे देखते हुए मंत्री वैष्णव ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और अन्य तकनीकी कंपनियों से भारत में ही सर्वर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट और एआई चिप्स का निर्माण करने का आग्रह किया है।

### परियोजना का विशाल स्तर और रणनीतिक क्षमता

इस एआई डेटा सेंटर का पैमाना भारत के मौजूदा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखता है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े प्रमुख आंकड़े और साझेदारियां इस प्रकार हैं:

**गीगावाट-स्केल एआई इकोसिस्टम:** अदाणी ग्रुप के निदेशक जीत अदाणी ने बताया कि वर्तमान में पूरे भारत की कुल डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.3 गीगावाट है। इसके मुकाबले, अकेले विशाखापत्तनम के इस एक ही लोकेशन पर 1 गीगावाट क्षमता वाला बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजना है।

**दिग्गजों का गठजोड़:** इसे 'अदाणीकनेक्स' और भारती एयरटेल की डेटा सेंटर इकाई 'नेक्सट्रा' के साथ मिलकर तैयार किया जा रहा है।

**हरित ऊर्जा पर जोर:** एयरटेल के पास पहले से ही देश भर में 120 से अधिक डेटा सेंटर्स का नेटवर्क मौजूद है और विशाखापत्तनम का यह नया प्रोजेक्ट पूरी तरह से नवीकरणीय (ऊर्जा से संचालित होगा। जीत अदाणी ने स्पष्ट किया कि एआई के संचालन की लागत सीधे तौर पर ऊर्जा की लागत से जुड़ी है, इसलिए किफायती ऊर्जा इस तकनीक को व्यापक रूप से अपनाने में मदद करेगी।

**अर्थव्यवस्था और सेक्टोरल प्रभाव-** इस निवेश का सीधा असर अर्थव्यवस्था के कई प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ने वाला है। भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन राकेश भारती मित्तल ने रेखांकित किया कि विशाखापत्तनम, जो ऐतिहासिक रूप से एक समुद्री प्रवेश द्वार रहा है, अब डिजिटल इंडिया के लिए 'इंटेलीजेंस एज' का गेटवे बनेगा।

इस एआई डेटा सेंटर के जरिए देश की शिक्षा, स्वास्थ्य, वैमानिकी, लॉजिस्टिक और कृषि जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल के अनुसार, ग्रीन पावर और अल्ट्रा-लो लेटेंसी फाइबर नेटवर्क जैसी उनकी एकीकृत क्षमताएं इस विशाल एआई बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाएंगी। विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर का यह निवेश 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की नीतियों की बदौलत विदेशी और घरेलू कॉरपोरेट कंपनियों का यह गठजोड़ भारत को वैश्विक एआई रेस में मजबूती से खड़ा कर रहा है। लोअर एनर्जी कॉस्ट के कारण जब कंप्यूटिंग और एआई मॉडल की ट्रेनिंग सस्ती होगी, तो इसके परिणामस्वरुप देश भर में नवाचार बढ़ेगा और तकनीक पर आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

मुंबई में आवासीय मांग मजबूत

## राजस्व वृद्धि में मामूली वृद्धि के साथ स्टाम्प शुल्क संग्रह बढ़ा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

मुंबई में अप्रैल 2026 में 13,864 संपत्तियों का पंजीकरण हुआ जो, पिछले 14 वर्षों में इस महीने सबसे अधिक है। यह आवास की मजबूत मांग को दिखाता है। वहीं राजस्व वृद्धि में मामूली वृद्धि के बाद भी स्टाम्प शुल्क के संग्रह में 1,114 करोड़ रुपये अधिक रहा। जानकारों का कहना है यह उछाल शहरों आवासीय बाजार में उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को दिखाता है। पिछले साल अप्रैल 2025 की तुलना में इस साल अप्रैल में 14 साल का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा। इस महीने स्टाम्प शुल्क संग्रह 1,114 करोड़ रुपये से अधिक रहा, हालांकि पंजीकरण में वृद्धि के बाद भी राजस्व वृद्धि सालाना आधार पर देखे तो लगभग एक प्रतिशत रही है।

वृद्धि के बाद भी मुबई में मांग में स्थिरता बनी हुई है नाइट फ्रैंक इंडिया के इंटरनेशनल पार्टनर चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल बताते हैं, मुंबई में आवासीय बाजार लगातार मजबूत प्रदर्शन कर रहा है और अप्रैल 2026 में पिछले एक दशक में किसी भी अप्रैल महीने की तुलना में सबसे अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया गया है। पंजीकरण में लगातार उच्च वृद्धि बनी हुई है। बावजूद इसके टिकट के आकार में मामूली बदलाव की वजह से (यानी बड़े महंगे घरों की तुलना में मध्यम बजट वाले घरों की मांग) स्टम्प शुल्क संग्रह में थोड़ी नरमी आई है, लेकिन मांग लगातार बनी हुई है। रियल एस्टेट विशेषज्ञ पकंज कुमार कहते हैं, पिछले 14 वर्षों में अप्रैल महीने में सबसे अधिक पंजीकरण होना बाजार में अंतिम उपभोक्ताओं की मांग को दिखाते हैं। हालांकि स्टाम्प शुल्क संग्रह कुछ स्तर तक स्थिर रहा है, जो मध्य श्रेणी की आवास की ओर लेनदेन में बदलाव का संकेत देता है।

युद्ध ठंडा फिर भी उबाल मार रहा क्रूड

# चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान युद्ध बढ़ने की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतें 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इसका मुख्य कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल की आपूर्ति में भारी कमी है।

ईरान युद्ध जब चरम पर था, तब क्रूड ने इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई थी। अब जब बातचीत की कोशिशें दिख रही हैं और युद्ध की रफ्तार धीमी हुई है, तब ब्रेंट क्रूड उछलकर चार साल के उच्च स्तर 126 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।?यह विरोधाभास नहीं है। तेल बाजार युद्ध की आवाज नहीं, आपूर्ति की सांस सुनता है।

दरअसल, एक्सिओस की एक रिपोर्ट आने के बाद बृहस्पतिवार को कारोबार के दौरान ब्रेंट क्रूड 126.41 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया, जो 9 मार्च, 2022 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बृहस्पतिवार को ईरान पर सैन्य हमलों की एक शृंखला की योजनाओं के बारे में



जानकारी दी जानी है। ऐसा इस उम्मीद में किया जा रहा है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए वापस लौट आएगा। ऊर्जा विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका के इस रुख से संघर्ष और बढ़ सकता है, जिससे क्रूड आपूर्ति में लंबे समय तक रुकावट आ सकती है।

बाद में बिना किसी स्पष्ट कारण के ब्रेंट क्रूड में गिरावट आई और कीमतें 3.5 फीसदी गिरकर 113.89 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गईं। तेल ब्रोकर पीवीएम के तमास वर्गा ने कहा, क्रूड में यह गिरावट किसी खास घटना से जुड़ी नहीं लगती, बल्कि ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बाजार में बढ़ी अस्थिरता को दशार्ती है। यह बस ट्रंप की दुनिया में ट्रेडिंग के अप्रत्याशित स्वभाव को संक्षेप में बताती है। बाजार में सिर्फ डर नहीं, असल में बैरल भी कम हैं। आईईए के आंकड़े बताते हैं, मार्च में वैश्विक तेल भंडार 8.5 करोड़ बैरल घटा है। खाड़ी के बाहर भंडार में 20.5 करोड़ बैरल की गिरावट आई। समुद्र में चल रहा तेल भी घटा है। ऑयल ऑन वाटर 10.7 करोड़ बैरल कम हुआ, क्योंकि होर्मुज के बंद होने से ट्रांजिट में मौजूद तेल 18.1 करोड़ बैरल घट गया।

### उबाल की असली वजह होर्मुज

तेल में उबाल की असल वजह है होर्मुज।?अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मुताबिक, युद्ध से पहले होर्मुज से रोज 2 करोड़ बैरल से ज्यादा कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइंड उत्पाद निकलते थे। अप्रैल के शुरू में यह घटकर सिर्फ 38 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। वैकल्पिक रास्तों से निर्यात जरूर बढ़कर 72 लाख बैरल प्रतिदिन पहुंचा, लेकिन कुल निर्यात नुकसान अब भी 1.3 करोड़ बैरल प्रतिदिन से ज्यादा है। केडिया कमोडिटी के प्रमुख अजय केडिया कहते हैं, यही वह आंकड़ा है, जिसने बाजार को बेचैन किया है। युद्ध रुक भी जाए, तो जहाज तुरंत नहीं चलेंगे। बीमा, रूट, बंदरगाह, लोडिंग और रिफाइनरी आपूर्ति को सामान्य होने में समय लगेगा। यही बात तेल के बाजार को परेशान कर रही है। अर्थवृक्ष फाइनेंशियल सर्विसेज के संस्थापक रविंद्र राव ने बताया, आपूर्ति प्रभावित होने से भी क्रूड में मजबूती दिख रही है।

भारत में भी फंस गई अमेरिकी कंपनी

## जानिए सीसीआई के साथ क्यों बढ़ा विवाद, अदालत पहुंचा मामला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


अमेरिकी टेक कंपनी एपल और भारत की प्रतिस्पर्धा निगरानी संस्था (सीसीआई) के बीच टकराव काफी बढ़ गया है। सीसीआई ने संभावित जुमार्ने की गणना के लिए एपल से साल 2024 का वित्तीय हिसाब मांगा है। एपल का आरोप है कि सीसीआई अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रही है।

अमेरिकी टेक कंपनी एपल और भारत की निगरानी संस्था सीसीआई (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) के बीच टकराव अब और तेज हो गया है। यह मामला अब अदालत की चौखट तक पहुंच गया है। एपल ने साफ आरोप लगाया है कि सीसीआई एंटीट्रस्ट (प्रतिस्पर्धा) मामले में उसकी वित्तीय (पैसों से जुड़ी) जानकारी मांगकर अपने अधिकारों की सीमा पार कर रही है। कंपनी ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। इस याचिका में कहा गया है कि सीसीआई का इस तरह से मामले की सुनवाई करना न्यायालय के अधिकारों का सीधा अतिक्रमण (उल्लंघन) है। कंपनी ने अदालत से गुहार लगाई है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे और सीसीआई की कार्यवाही पर रोक लगाए। एपल ने इस मामले में 15 मई को जल्द सुनवाई करने की मांग भी की है।

सीसीआई ने साल 2024 से एपल कंपनी से उसके वित्तीय विवरण (पैसों का हिसाब-किताब) मांगे हैं। यह जानकारी इसलिए मांगी गई है ताकि सीसीआई संभावित जुर्माने की सही गणना (हिसाब) कर सके। एपल पर आरोप है कि वह आईफोन के ऐप बाजार में अपने दबदबे और ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है।

एपल का स्पष्ट कहना है कि उसने जुमार्ना तय करने वाले कानून को ही अदालत में चुनौती दे रखी है। कंपनी की दलील है कि जब तक अदालत का फैसला नहीं आ जाता, तब तक नियामक (सीसीआई) को फैसले का इंतजार करना चाहिए। भारत में चल रहा यह विवाद एपल के खिलाफ दुनियाभर (वैश्विक स्तर) में चल रहे कई एंटीट्रस्ट मामलों में से ही एक है।


CORBETT COUNTY
BELVOIR REALTY
JIM CORBETT'S FIRST RERA-APPROVED RESIDENCES
CORBETT COUNTY
WHERE NATURE MEETS MODERN LIVING
MANAGED BY
BW | Best Western Hotels & Resorts
VILLAS STARTING AT
₹1.40Cr
ONWARDS
Fully Furnished
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
NATURE AT YOUR DOORSTEP
SCENIC MOUNTAIN VIEWS
RERA-APPROVED & SECURE INVESTMENT
BAIL PARAO, NAINITAL UTTARAKHAND
Book Now- +91 85950 07767


Ministry of
Ayush
Government of India
Eat Good
Feel Good
Include Ayurveda Aahara in your Meal
experience the change
Scan to know more
moayush
ministryofayush
MinistryofAyushofficial

स्वदेशी जागरण मंच — स्वावलंबी भारत अभियान — MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबिल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्प्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉर्डर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थमसअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमबेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |




405, शगुन टॉवर अपना स्वीट्स, विजय नगर इंदौर

गूंजन श्रीवास्तव 98263 96368

■ वर्ष-12 अंक-178 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 02 मई, 2026

## सुभाषितानि

नीचं शय्यासनं चास्य सर्वदा गुरुसंनिधौ।
गुरोस्तु चक्षुर्विषये न यथेष्टासनो भवेत्।।

**भावार्थ** : गुरु के पास हमेशा उनसे छोटे आसन पर ही बैठना चाहिए। गुरु के आते हुए दिखाई देने पर भी अपनी मनमानी से नहीं बैठे रहना चाहिए। अर्थात गुरु का आदर करना चाहिए।

धर्मज्ञो धर्मकर्ता च सदा धर्मपरायणः।
तत्त्वेभ्यः सर्वशास्त्रार्थादेशको गुरुरुच्यते।।

**भावार्थ** : धर्म को जाननेवाले, धर्म मुताबिक आचरण करनेवाले, धर्मपरायण, और सब शास्त्रों में से तत्त्वों का आदेश करनेवाले गुरु कहे जाते हैं।

## सम्पादकीयम्

### अनुकूलवातावरणम्

यस्य मुख्यकारणं लेबनानदेशे इजरायलस्य प्रचलति आक्रमणानां कारणम् आसीत् इदानीं यदा इजरायल्-लेबनान-देशयोः १० दिवसीय-युद्धविरामस्य सहमतिः अभवत्, तदा इरान्-देशः क्रमेण होर्मुज्-जलसन्धिं पुनः उद्घाटितवान्। इ तबूला प्रायोजित लिङ्क इति भवतु अस्याः निफ्टी रणनीत्याः कोऽपि चार्टः नास्ति, न कोऽपि सूचकः अस्ति, न कोऽपि भविष्यवाणी अस्ति तथा च इयं ९०% वारं कार्यं करोति। अत्र इति अनुकूलवातावरणम्ः अन्यः सकारात्मकः विकासः अस्ति यत् सोमवासरात् आरभ्य अमेरिकादेशेन प्रवर्तितस्य नौसैनिकनाकाबन्दीमध्ये शुक्रवासरे ईरानीतैलस्य एकः मालवाहकः खाड़ीं सफलतया पारितवान्-अद्यकालेषु प्रथमः एतादृशः मार्गः। एते सर्वे विकासाः कूटनीतिकनिपटानं प्राप्तुं महत्त्वपूर्णपदाथार्नाम् प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति। ते अग्रे वातार्यां अनुकूलं वातावरणं निमार्तुं साहाय्यं करिष्यन्ति। परन्तु अस्य भंगुरस्य वातावरणस्य संकटं जनयितुं शक्नुवन्ति इति कस्यापि पक्षस्य अनुमतिः न भवेत् इति अत्यावश्यकम्। हिजबुल इत्यादीनां तत्त्वानां विषये अपि सतर्कता आवश्यकी अस्ति, ये द्वन्द्वं वर्धयितुं प्रयतन्ते। 'ट्रम्पः स्वस्य प्रतिज्ञां भङ्गं कृतवान्...' इरान् पुनः होर्मुज् जलसन्धिं अवरुद्ध्य धमकीम् अयच्छत्; अग्निविनिमयस्य अनन्तरं का स्थितिः भवति? ट्रम्पस्य दावाः सम्प्रति अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये द्वितीयचक्रस्य वातार्यां आधारः स्थापितः अस्ति। केवलं एकदिनपूर्वं अमेरिकीराष्ट्रपतिना द्वौ प्रमुखौ दावौ कृतौ।

10 छात्राणां कृते 8 शिक्षकाः, तथापि 10 मध्ये 9 असफलाः

## परिणामैः शिक्षाव्यवस्थायाः विषये प्रमुखाः प्रश्नाः उत्पन्नाः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशे २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य १५ दिनाङ्के घोषितस्य १०, १२ कक्षायाः बोर्डपरीक्षापरिणामानां मध्ये एकस्य सर्वकारीयविद्यालयस्य आश्चर्यजनकं परिणामं प्रकाशं प्राप्तवान्, येन सम्पूर्णशिक्षाव्यवस्थायाः विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। जबलपुरविभागस्य छिन्दवाड़ामण्डले एकस्मिन् सरकारीविद्यालये केवलं १० छात्रान् अध्यापयितुं कुलम् अष्टशिक्षकाः-प्रधानाध्यापकसहिताः-नियोजिताः आसन्; तथापि एतदपि एकः एव छात्रः १० कक्षायाः परीक्षायां उत्तीर्णः भवितुम् अशक्नोत्। एतेन परिणामेन न केवलं अभिभावकाः अपितु शिक्षाविभागः अपि आश्चर्यचकितः अभवत्, तथा च सर्वकारीयविद्यालयानाम् गुणवत्तायाः विषये वादविवादः तीव्रः अभवत्। जबलपुरविभागात् उद्भूतेन एतत् आश्चर्यजनकं परिणामं न केवलं विद्यालयप्रशासनस्य उपरि, अपितु सम्पूर्णस्य प्रशासनिकयन्त्रस्य उत्तरदायित्वस्य विषये संशयं जनयति। अधुना जिलाशिक्षापदाधिकारिणां भूमिकानां विषये गम्भीरचर्चा आरब्धा अस्ति, तथैव विभागीयस्तरस्य नियुक्तस्य संयुक्तनिदेशकस्य च। अध्यापकानाम् अभावेऽपि परिणामाः अगाधरूपेण एव अभवन् इति तथ्यं पर्यवेक्षणे शैक्षणिकप्रबन्धने च महत्त्वपूर्णानि दुर्बलतानि उजागरयति।

समाचारानुसारं छिन्द्वरा-कलेक्टर-कार्यालयस्य समीपे स्थिते जवाहर-कन्या-विद्यालये १० कक्षायां कुलम् १० छात्राणां नामाङ्कनं कृतम्। एतेषां छात्राणां शिक्षणार्थं षट् विषयविशिष्टाः शिक्षकाः, एकः प्राचार्यः, एकः प्रयोगशालाप्रविधिज्ञः च नियोजिताः। एतेन प्रत्येकं एकस्य वा द्वयोः वा छात्रयोः कृते प्रायः एकस्य शिक्षकस्य शिक्षक-छात्र-अनुपातः भवति-एतत् परिदृश्यं कस्यापि शैक्षिकसंस्थायाः कृते आदर्शं मन्यते। तथापि परीक्षायाः परिणामाः घोषिताः तदा एकः एव छात्रः उत्तीर्णः इति ज्ञातम्-तथा च द्वितीयविभागे। फलतः विद्यालयस्य समग्रं उत्तीर्णतायाः प्रतिशतं केवलं १० प्रतिशतं एव अभिलेखितम्। एतत् अप्रत्याशितम् परिणामं स्थानीयस्तरस्य चचार्याः प्रमुखः विषयः अभवत्। सामान्यतया मन्यते यत् शिक्षक-छात्र-अनुपातः यथा उत्तमः भवति तथा शैक्षणिक-परिणामः उत्तमः भवति; तथापि अत्र स्थितिः तस्य विपरीतमेव दृश्यते। इदानीं प्रश्नाः उत्पद्यन्ते यत् पर्याप्तसम्पदां, कर्मचारिणां च उपलब्धतायाः अभावेऽपि शिक्षायाः स्तरः किमर्थम्।

बगराजजी फार्मतः

## ९०,००० मूल्यस्य मालस्य चोरीं कुर्वन्ति चोराः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

कुण्डमपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे स्थिते पटनाकाला (बघराजजी) ग्रामे चोराणां साहसं वर्धमानं दृश्यते। अज्ञातदुष्टाः एकं कृषिक्षेत्रं लक्ष्यं कृतवन्तः, प्रायः ९०,००० मूल्यस्य बहुमूल्यसामग्रीभिः सह प्रस्थानम् अकरोत्। अद्य, २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य २७ दिनाङ्के अस्य घटनायाः विषये आधिकारिकविवरणं दत्त्वा पुलिसेन उक्तं यत् कन्हैया रजकः-सुहाघी-अधारताल-नगरस्य निवासी-इत्यनेन चोरी-सम्बद्धा लिखित-शिकायतां दातवती अस्ति पीडितस्य मते चोराः व्यवस्थितरूपेण कृषिकार्यार्थं सुरक्षाप्रयोजनार्थं च क्रीताः संसाधनाः अपहृतवन्तः, यस्य परिणामेण तस्य महती आर्थिकहानिः अभवत्।

घटनायाः विस्तृतविवरणानुसारं ५० वर्षीयः कन्हैया रजकः पटनाकालाग्रामे सार्धद्वि एकं कृषिभूमिं नितेश धुर्वे नामकस्य व्यक्तितः (सिकमी अथवा किरायेदारी आधारेण) पट्टे (सिक्मी अथवा किरायेदारी आधारेण) पट्टे दत्तवान् आसीत्। कृषिकार्यार्थं भूमिं सज्जीकर्तुं सस्यानां सुरक्षां च सुनिश्चित्य कन्हैया सम्पूर्णं कृषिक्षेत्रं वेष्टनं कर्तुं योजनां कृतवती आसीत्। एतदर्थं सः कृषिक्षेत्रे संगृहीताः दृढाः लोहस्तम्भाः, विद्युत्ताराः, प्लास्टिकस्य नलिकां च बहुमात्रायां क्रीतवान् आसीत् पीडितः अवदत् यत् सः नगरस्य सुहाघी-स्थाने निवसति, नियमित-अन्तरालेन कृषिक्षेत्रं गत्वा तस्य परिचयार्यै गच्छति। अद्यैव यदा सः स्वस्य कृषिक्षेत्रम् आगतः तदा तस्य अभिनन्दनं कृतं दृश्यं तं सर्वथा स्तब्धं विध्वस्तं च कृतवान्। लोहस्तम्भाः, तारपुञ्जाः, प्लास्टिकस्य नलिकां च--- वेष्टनप्रकल्पाय अभिप्रेताः।

## भोपाल-जबलपुर राजमार्गे ३०० अवैधकटौने एम्बुलेन्सस्य बाधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

राज्यस्य राजमार्गेषु सुरक्षायाः आपत्कालीनसेवानां च विलम्बस्य विषये मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन अतीव कठोरः वृत्तिः स्वीकृता अस्ति। मुख्यन्यायाधीशः संजीव सचदेवः न्यायाधीशः विनय सराफः च सन्ति इति विभागपीठेन केन्द्रराज्यसर्वकारयोः सम्बन्धितविभागेभ्यः सूचनाः जारीकृताः, भोपाल जबलपुरराजमार्गसहित विविधराष्ट्रीयराजमार्गेषु निर्मितानाम् अवैधकट-पॉइण्ट्-सम्बद्धानां जनहितमुकदमानां (पीआईएल) दाखिलस्य श्रवणं कुर्वन्- तेषां प्रतिक्रियाः याचन्ते। तीक्ष्णं अवलोकनं कृत्वा न्यायालयेन एतादृशीनां परिस्थितीनां विषये प्रश्नाः उत्थापिताः येन गम्भीररुग्णरोगिणः वहन्तः एम्बुलेन्साः समये एव चिकित्सालयं न प्राप्नुवन्ति। प्रकरणस्य गम्भीरताम् अवलोक्य पथपरिवहन मन्त्रालयस्य सचिवाय एनएचएआई।

## राशिफल

**मेष** : करियर में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और नए काम की शुरूआत का मौका मिल सकता है।

**वृषभ** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेकिन खर्च सोच-समझकर करें। खास व्यक्ति से मुलाकात फायदेमंद साबित हो सकती है।

**मिथुन** : निवेश से पहले सलाह लेना बेहतर रहेगा। मन में थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन लव लाइफ अच्छी रहेगी।

**कर्क** : आपका दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुलित रहेगा। कुछ रुकावटें आ सकती हैं।

**सिंह** : धन लाभ के योग हैं। किसी मित्र की मदद मिलेगी। प्यार के मामलों में जल्दबाजी से बचें और खुद को समय दें।

**कन्या** : कुछ बहस या तनाव हो सकता है, लेकिन अंत में स्थिति संभल जाएगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाएं।

**तुला** : नए काम की शुरूआत टालना बेहतर रहेगा। रिलेशनशिप में थोड़ा ब्रेक लेकर खुद को समझने की जरूरत हो सकती है।

**वृश्चिक** : प्यार में ज्यादा उम्मीदें न रखें और धैर्य बनाए रखें। परिवार में किसी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है।

**धनु** : रिश्तों में बहस से बचें और समझदारी से बात करें। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। काम में बड़ा निवेश टालना बेहतर रहेगा।

**मकर** : रिश्तों में छोटी बातों पर मनमुटाव हो सकता है, इसलिए बातचीत बनाए रखें। यात्रा और वाहन चलाते समय सावधानी रखें।


**कुंभ** : लरिश्ते संभल जाएंगे। कोई नया व्यक्ति आपकी जिंदगी में आ सकता है, जिससे खुशी मिलेगी।

**मीन** : काम में भी लाभ और नई डील के योग हैं। परिवार में सामंजस्य रहेगा और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

ज्योतिष/वास्तु

# मई का महीना लेकर आया ग्रहों की बड़ी हलचल, जानें समय और प्रभाव

मई 2026 में सूर्य, मंगल, गुरु, शुक्र और राहु-केतु के गोचर से बड़ा ज्योतिषीय बदलाव देखने को मिलेगा। जानें इस ग्रह परिवर्तन का सभी राशियों और देश-दुनिया पर क्या असर पड़ेगा। इस समय गर्मी अपने चरम पर पहुंचने लगती है, जिससे लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है। लेकिन इसके साथ ही यह महीना केवल मौसम के कारण ही नहीं, बल्कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि इस दौरान कई बड़े ग्रह अपनी राशि बदलेंगे। सूर्य, मंगल, गुरु, शुक्र और राहु-केतु जैसे प्रमुख ग्रहों के गोचर का प्रभाव सभी राशियों, देश-दुनिया और सामान्य जीवन पर देखने को मिल सकता है। ये बदलाव कहीं सकारात्मक परिणाम देंगे तो कहीं चुनौतियां भी बढ़ा सकते हैं। ऐसे में मई का महीना अवसर और सावधानी दोनों का संकेत लेकर आता है।



**मंगल का मेष राशि में गोचर (2 मई 2026)**- मई 2026 की शुरूआत मंगल के मेष राशि में गोचर से होगी। मंगल को ऊर्जा, साहस और कार्य करने की क्षमता का ग्रह माना जाता है, इसलिए इस समय लोगों में जोश और एक्टिवनेस बढ़ेगी। इसी अवधि में रुचक राजयोग का निर्माण भी होगा, जो सफलता और प्रगति देने वाला माना जाता है। हालांकि, मंगल के उग्र स्वभाव के कारण गुस्सा, जल्दबाजी और विवाद की स्थिति भी बढ़ सकती है, इसलिए इस समय शांत रहना और सोच-समझकर निर्णय लेना बहुत जरूरी होगा।

**गुरु ग्रह का मिथुन राशि में गोचर (14 मई 2026)**- 14 मई को देवगुरु बृहस्पति मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। गुरु को ज्ञान, भाग्य और विस्तार का कारक माना जाता है। इस गोचर से शिक्षा, करियर और निवेश के क्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं। साथ ही व्यक्ति की सोच सकारात्मक होगी और आध्यात्मिक रुचि भी बढ़ सकती है। यह समय सीखने और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल माना जाएगा।

**सूर्य का वृषभ राशि में गोचर (15 मई 2026)**- 15 मई को सूर्य वृषभ राशि में गोचर करेगा। सूर्य आत्मविश्वास, नेतृत्व और प्रतिष्ठा का ग्रह है। इस गोचर से जीवन में स्थिरता और व्यावहारिक सोच बढ़ेगी। करियर में धीरे-धीरे प्रगति होगी और आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। लेकिन इस समय आर्थिक मामलों में जल्दबाजी करने से बचना चाहिए और हर निर्णय सोच-समझकर लेना बेहतर रहेगा।

**राहु-केतु का कुंभ राशि में गोचर (18 मई 2026)**- 18 मई को राहु और केतु कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। ये दोनों ग्रह अचानक बदलाव, भ्रम और मानसिक अस्थिरता के कारक माने जाते हैं। इस समय जीवन में अनिश्चितता बढ़ सकती है और निर्णय लेने में दुविधा महसूस हो सकती है। कुछ मामलों में अचानक बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं, इसलिए इस अवधि में सावधानी और धैर्य बहुत जरूरी होगा।

**शुक्र का मेष राशि में गोचर (31 मई 2026)**- 31 मई को शुक्र मेष राशि में गोचर करेगा। शुक्र प्रेम, सुंदरता, कला और सुख-सुविधाओं का ग्रह है। इस गोचर से रिश्तों में सुधार, आकर्षण में वृद्धि और नए संबंध बनने के योग बन सकते हैं। कला, फैशन और क्रिएटिव क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए यह समय अच्छा रहेगा। हालांकि, इस दौरान अनावश्यक खर्च और दिखावे से बचना जरूरी होगा।

## खबर एक नजर...

### उधार देने से मना किया तो दुकान में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** तराना थाना क्षेत्र के ग्राम छावनी में रहने वाला नवीन पिता सतीश लोधी किराना दुकान चलाता है। शुक्रवार दोपहर उसकी दुकान पर अंकित, विजय, नितिन और हरपाल पहुंचे। उन्होंने किराना सामान उधार मांगा। दुकानदार नवीन ने सामान उधारी में देने से मना किया तो चारों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। नवीन के विरोध करने पर चारों ने दुकान में रखा फ्रीज, काउंटर और गल्ला तोड़कर नुकसान किया, यहीं नहीं चारों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना थाना पुलिस ने मामले में नवीन की शिकायत चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 115 (2), 351 (3), 324 (2) 3 (5) में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। चारों ग्राम छावनी के रहने वाले बताये जा रहे है।

### बदमाशों ने चालक को चाकू मार रिक्शा में की तोड़फोड़

**उज्जैन।** मक्सीरोड विश्वकर्मा कालोनी में गुरुवार-शुक्रवार रात 3 बदमाशों लोकेश, मोनू और कान्हा ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रिक्शा चालक जितेन्द्र पिता रमेशचंद्र मालवीय को उसके घर के बाहर ही रोक लिया और बहन के संबंध में बात करने को लेकर विवाद करते हुए चाकू से हमला किया। बदमाशों ने घर के बाहर खडी रिक्शा में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पंवासा थाना पुलिस ने चाकू लगने पर घायल हुए जितेन्द्र की शिकायत पर तीन नामजद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की पांच दिन बाद मौत



**उज्जैन।** कायथा-मक्सी रोड कालीतलाई पर 26 अप्रैल को हुई सड़क दुर्घटना में केसर पिता भवंरसिंह 65 साल निवासी गोपाली तराना गंभीर घायल हो गया था। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर को केसरसिंह की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने निजी अस्पताल से मिली सूचना पर मर्ग कायम किया और मृतक का पोस्टमार्टम कराया। माधवनगर थाना पुलिस मर्ग डायरी कायथा थाना पुलिस को जांच के लिये भेजेगी।

### पत्नी से कर रहा था विवाद, बेटी ने ईंट से फोड़ा सिर

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में रहने वाला गोकुल पिता कालू 50 साल ड्रायवरी करता है। रात में वह शराब पीकर घर लौटा था और पत्नी से विवाद करने लगा। दोनों को झगड़ा करते देख बेटी राखी ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन गोकुल ने बेटी के साथ भी मारपीट का प्रयास किया। गुस्से में बेटी ने ईंट से सिर पर वार कर दिया। सिर फूटने पर गोकुल घायल हो गया। उसे उपचार के लिये पत्नी अस्पताल लेकर पहुंची। एक अन्य घटना में इंगोरिया के ग्राम रूंडाटा में रहने वाले रंजीत पिता दशरथ चंद्रवंशी के साथ उसकी पत्नी सावित्री और बेटे अभिषेक ने डंडे से मारपीट की। रंजीत घायल हो गया, उसे परिवार के अन्य सदस्यों ने उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। घायल रंजीत के अनुसार वह टेंट हाउस पर काम करता है। रात में घर लौटकर पत्नी से खाना मांगा तो उसने पुत्र के साथ मिलकर मारपीट की। इंगोरिया पुलिस के अनुसार मामले में घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 180/9 | 250/7 |
| मेन बाजार | 260/8 | 170/8 |
| मिलन डे | 117-9 | 900-9 |
| मिलन नाइट | 599/3 | 345/2 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 |

### किराये पर ट्रेक्टर लेकर रख देता था गिरवी

# 20 किसानों से धोखाधड़ी करने वाला रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किसानों से किराये पर ट्रेक्टर लेकर गिरवी रख धोखाधड़ी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर 20 ट्रेक्टर बरामद किये गये है। बदमाश से रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। संभावना है कि कुछ ओर ट्रेक्टरों का सुराग मिल सकता है।






भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि रतलाम जिले के ग्राम मथुरी में रहने वाले किसान कन्हैयालाल पिता रणछोड लाल पाटीदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम माधौपुरा में रहने वाले रफीक पिता गनी मोहम्मद ने उसका ट्रेक्टर किराये पर लिया था। ना तो वह किराया दे रहा है, ना ही ट्रेक्टर वापस लौटा रहा है। रफीक ग्राम के 2-3 अन्य किसानों के ट्रेक्टर भी किराये पर ले गया था, उन्हे भी किराया नहीं दिया है। मामला धोखाधड़ी का होने पर रफीक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई। रफीक का पता लगाने के लिये उसके मोबाइल की लोकेशन सायबर टीम की मदद से ट्रेस कराई गई। जानकारी सामने आते ही गिरफ्तारी के लिये टीम बनाई और रफीक को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान सामने आया कि वह काफी शातिर है, उसने रतलाम के किसान ही नहीं धार, झाबुआ, इंदौर के आसपास रहने वाले किसानों के ट्रेक्टर पर किराये पर लिये थे। जिन्हे अलग-अलग जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में गिरवी रख दिये है। थाना प्रभारी के अनुसार करीब 20 ट्रेक्टरों की जानकारी सामने आने पर आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उसकी निशानदेही पर शुक्रवार तक 20 ट्रेक्टर बरामद कर लिये गये। जिनकी कीमत 1 करोड़ 80 लाख रूपये होना पाई गई है। फिलहाल पूछताछ जारी है, कुछ ओर ट्रेक्टरों की जानकारी सामने आ सकती है।

### किसानों ने किया पुलिस टीम का सम्मान

किसानों के ट्रेक्टर किराये पर लेकर ठिकाने लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के लिये अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा बेछोटे के मार्गदर्शन में भाटपचलाना थाना प्रभारी सहित 12 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई थी। मामले का खुलासा होने और 1.80 लाख के 20 ट्रेक्टर बरामद करने पर किसानों ने पूरे थाना स्टॉफ का फूल मामला पहनाकर सम्मान किया।

### प्रतिमाह 11 से 15 हजार बताता था किराया

बताया जा रहा है कि मामला सामने आने पर पता चला कि आरोपी रफीक भोले-भाले किसानों को टारगेट करता था। उन्हे प्रतिमाह 11 से 15 हजार रूपये किराये देने का झांसा देकर ट्रेक्टर मंगवा लेता था। किसान द्वारा ट्रेक्टर सौंपते ही वह 2-3 दिन में आसपास जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रेक्टर एक से डेढ़ लाख में गिरवी रख आता था और उसी रूपयों में से एक माह का किराया भी देता था। दूसरे माह से अपना मोबाइल बंद कर देता था और ठिकाना बदल लेता था। गिरवी रखकर प्राप्त किये गये रूपयों से अपने शौक पूरे करता था। उसने कुछ ट्रेक्टर उसने बेच भी दिये थे।

### दो सालों से धोखाधड़ी में शामिल रफीक

थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार आरोपी 2 सालों से किसानों के ट्रेक्टर किराये पर लेकर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। उसने कई किसानों से ट्रेक्टर किराये पर लिये थे। आरोपी रफीक का बेटा चरमे की दुकान लगाता है और 2 बीघा जमीन पर खेती करता है, लेकिन उसका पिता किसानों के साथ धोखाधड़ी कर माधौपुरा से लापता रहता था। उससे बरामद ट्रेक्टर अलग-अलग कंपनी के होना सामने आये है जो एमपी पासिंग है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर रतलाम पुलिस भाटपचलाना पहुंची है। झाबुआ, धार पुलिस भी आरोपी से पूछताछ के लिये भाटचलाना आ सकती है।

## पेड़ पर लटकी मिली ग्रामीण की लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आर्थिक परेशानी और तनाव में असमय जीवन का अंत करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। शुक्रवार सुबह ग्रामीण का शव पेड़ पर लटका मिला, वहीं दुपट्टे का फंदा बनाकर वृद्धा ने फांसी लगा ली। इससे पहले रात में 2 लोगों ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या की थी।

नीलगंगा थाना क्षेत्र एकतानगर में तड़के चार बजे पिंकी कश्यप नींद से जागी तो उसने अपनी मां लीलाबाई पति पशुराम रायकवार 65 साल को दुपट्टे के फंदे पर लटका देखा। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। बेटी ने बताया कि मां कुछ दिनों तनाव में थी, वह घरों में साफ-सफाई का काम करती थी। पुलिस के अनुसार फांसी लगाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। इसी बीच सुबह 8 बजे के लगभग भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के परोलिया झाली में रहने वाले मोहनलाल पिता लक्ष्मण 42 साल का का शव ग्राम में खेत किनारे जामफल के पेड़ पर लटका मिला। मृतक के भाईयों ने चौकीदार के साथ थाने पहुंचकर मामले की सूचना दी और बताया कि सुबह घर से निकला था। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि परिजनों के बयान और जांच के बाद फांसी लगाने की वजह सामने आ पायेगी।

### पानबिहार और निजातपुरा में आत्महत्या

फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने का एक मामला पाबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम कागदी कराड़िया से सामने आया। यहां रहने वाले टीकम पिता भागीरथ 35 साल ने रात में कमरे का दरवाजा बंदकर फांसी लगा ली थी। वह शराब पीकर घर लौटा था, मां सौरमबाई उसे खाना खाने के लिये बुलाने पहुंची तो दरवाजा नहीं खोला। खिड़की से देखने पर फंदे पर लटका मिला। वहीं गुरुवार दोपहर कोतवाली थाना क्षेत्र के निजातपुरा में प्रभु पिता अम्बाराम 40 साल फंदे पर लटका मिला। प्रभु भी शराब पीने का आदी था, घटना के समय उसकी पत्नी और बच्चा शहर से बाहर शादी में शामिल होने गये थे।

## वार्ड क्र. 40 की पार्षद के मकान में लाखों की चोरी

### बदमाशों के कार से आने की संभावना, पुलिस खंगाल रही कैमरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मक्सीरोड वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद के मकान में शुक्रवार देर शाम लाखों की चोरी होना सामने आया। जानकारी मिलने पर पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची, पता चला कि दिन में मकान के सामने कार खड़ी थी। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश कार से आये थे। आसपास कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है।

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम माधोपुरा में पार्षद जानीबाई पति सत्यनारायण राठौर वर्तमान में निवास कर रही है। उनका मकान मेनरोड है, जिसका निर्माण कार्य चलने पर उन्होंने माधोपुरा में मकान लिया है। शुक्रवार को पिता की तबीयत खराब होने पर बॉम्बे अस्पताल गई थी। वहीं परिवार के अन्य सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिये इंदौर चले गये थे। देर शाम परिवार वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था। सोने-चांदी के आभूषणों और 50 हजार से अधिक चोरी होने की खबर पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई को मिली तो टीम के साथ जांच के लिये माधोपुरा पहुंचे। इस दौरान पता चला कि चोरी की वारदात दिनदहाड़े हुई है। दोपहर डेढ़ से 2 बजे के लगभग एक कार मकान के सामने खड़ी देखी गई है। आंशका जताई गई बदमाश संभवतः कार से आये है। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल वारदात स्थल के आसपास कैमरे नहीं लगे है। माधोपुरा में आने और जाने वाले मार्गो पर लगे कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया जा रहा है।

**चिमनगंज क्षेत्र में 2 दुकानों में वारदात-** चिमनगंज थाना क्षेत्र की कृषि उपज मंडी में बुधवार-गुरुवार रात 2 दुकानों में चोरी की वारदात होना सामने आया है। जांच के बाद शुक्रवार को पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि मंडी परिसर से लगी एक दुकान नमकीन की है, दूसरी दुकान अनाज की है। बदमाश अनाज दुकान से कैमरों का डीवीआर ले गया है। नमकीन दुकान से 10 सौ रूपये नगद और नमकीन चोरी हुआ है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार मंडी परिसर और मार्ग पर लगे कैमरों से बदमाशों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# कुख्यात बदमाश रोशन ने पहली पत्नी पर तानी पिस्टल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश रोशन ने रात के समय पहली पत्नी के घर में घुसकर पिस्टल तानी और गुर्जर सरनेम हटाने के साथ शहर छोड़ने की धमकी दी। पुलिस ने पहली पत्नी की शिकायत पर बदमाश के खिलाफ धारा 331 (6), 351 (3) में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।



**गुर्जर सरनेम हटाने और शहर छोड़ने की धमकी**

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि दिनेश पेट्रोल पम्प दो तालाब के पास रहने वाले निकिता पति रोशन गुर्जर ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई कि वह अंकुर स्कूल में शिक्षिका है। उसका एक 6 वर्षीय पुत्र वंश है। 3 जनवरी 2018 को रोशन गुर्जर से विवाह किया था। सालभर बाद पति रोशन गुर्जर अपराधिक मामले में जेल चला गया था, उस वक्त वह गर्भवती थी। वह रोशन के माता-पिता के साथ ढांचा भवन सांदीपनी नगर में रहती थी। कुछ महिनों बाद रोशन जेल से छूटकर आया तो उसने हीरामिल की चाल में रहने वाली दीपिका से दूसरा प्रेम विवाह कर लिया और उसे घर से निकाल दिया। लेकिन रोशन ने उससे तलाक नहीं लिया है। वह रोशन से अलग होकर दो तालाब के पास रह रही है। बुधवार-गुरुवार रात रोशन आया और दरवाजा खटखटाकर अंदर घुस गया। उसने पिस्टल तानी और कहा कि बेटे वंश के नाम से गुर्जर सरनेम हटा ले, यहीं उसने धमकाया कि अगर शहर छोड़कर नहीं गई तो बेटे को गोली मार दूंगा। धमकी देने के बाद रोशन गुर्जर चला गया। थाना प्रभारी के अनुसार निकिता की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज कर रोशन गुर्जर की तलाश शुरू की गई है। रोशन अब तक जेल में था, एक-डेढ़ माह पहले ही रिहा होकर आया है।

### अब गुर्जर गैंग के 3 भाईयों की तलाश

पिछले कुछ समय से गुर्जर गैंग की दहशत फिर से सामने आने लगी है। पिछले माह चिमनगंज थाना क्षेत्र में फर्जी गोली कांड सामने आया था। जिसकी साजिश रौनक गुर्जर ने रची थी। चिमनगंज थाना पुलिस उसकी तलाश कर रही है। यहीं नहीं देवासगेट थाना क्षेत्र में हीरामिल की चाल स्थित ब्रिज के नीचे चली गोली के मामले में गैंग से जुड़े अनमोल गुर्जर की तलाश भी सरगर्मी से जारी है। अब नीलगंगा पुलिस ने गैंग के तीसरे बदमाश भाई रोशन द्वारा पहली पत्नी पर पिस्टल तान धमकी देने के मामले में तलाश शुरू की है। कुछ साल पहले तक गुर्जर गैंग की बढ़ती दहशत पर अंकुश लगाने के लिये गैंग की तलाश शुरू की थी और मुठभेड़ होने पर रोशन के साथ रौनक गुर्जर को शार्ट एनकाउंटर कर पकड़ा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com